* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
26 मार्च, 2025
चैत्र, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 155

दो आइपीएस का तबादला, डीजी एमएस भाटिया समेत पांच को मिली पोस्टिंग



माह-ए-रमजान
इफ्तार 6:04 शाम बुधवार
सेहरी 4:32 सुबह गुरूवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## मंईयां सम्मान योजना

# अप्रैल से आधार लिंक सिंगल बैंक खाताधारी लाभुकों को मिलेगा लाभ

- दिसंबर से मार्च तक पूर्व की तरह ही मिलेगी राशि, कैबिनेट ने दी मंजूरी
- कैबिनेट से कुल 16 प्रस्तावों को दी गयी मंजूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 16 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन में आंशिक संशोधन की स्वीकृति दी गयी है। मार्च-2025 के बाद से आधार लिंक सिंगल बैंक खाताधारी को ही मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिलेगा। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने यह जानाकरी दी। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना की नियमावली में दिसंबर 2024 से तक आधार लिंक सिंगल बैंक खाताधारी को लाभ देने की बात थी। इसमें संशोधन कर अब मार्च 2025 तक कर दिया गया है।

**लाखों महिलाओं को मिलेगा लाभः** बताते चलें कि सरकार एक साथ तीन महीने जनवरी, फरवरी और मार्च के लिए मंईयां सम्मान योजना की राशि खाते में भेज रही है। राज्य के कई जिलों की लाभुकों का खाता आधार लिंक नहीं होने से उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा था। कैबिनेट के फैसले के बाद अब वैसी लाभुक, जिनका अभी तक खाता और आधार लिंक नहीं हो पाया है, उन्हें भी लाभ मिल सकेगा। साथ ही वे अप्रैल तक अपना खाता और आधार लिंक करवा सकेंगी। अप्रैल तक जो आधार लिंक सिंगल बैंक खाताधारी नहीं होंगी, उन्हें लाभ नहीं मिल पायेगा।

**तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी बर्खास्तः** कैबिनेट ने झारखंड प्रशासनिक सेवा की निलंबित पदाधिकारी साधना जयपुरियार (तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनिका, लातेहार) को बर्खास्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके अलावा झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (विशेष छूट) विधेयक-2025 के गठन की स्वीकृति दी है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी, वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्राक्कलन, आर्थिक सर्वे रिपोर्ट पर कैबिनेट की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी है।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- झारखंड सचिवालय सेवा के प्रशाखा पदाधिकारी के प्रमोशन की नियमावली में संशोधन।
- उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश में कृषि विभाग के छह कर्मियों के सेवा संपुष्टि।
- दिव्यांग बच्चों के शिक्षा के लिए इंटरमीडिएट स्तर के सहायक आचार्य के लिए 3400 पद कर्णांकित।
- झारखंड कम्यूनिटी हेल्थ भर्ती सेवा नियमावली को मंजूरी।
- बाल पहाड़ी डैम के पास बराज के निर्माण को सैद्धांतिक सहमति।
- झारखंड पुलिस हाउसिंग बोर्ड की नियमावली में संशोधन को मंजूरी।
- अब जेल के रख-रखाव का काम भवन निर्माण विभाग करेगा।

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का मामला

# आधा दर्जन जवान समेत आठ आरोपी गिरफ्तार

- आइआरबी के पांच और असम राइफल्स का एक जवान शामिल
- सरगना उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का रहनेवाला है



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी मामले में आधा दर्जन जवान समेत आठ आरोपी को एसआइटी ने गिरफ्तार किया है। इसमे आइआरबी के पांच और असम राइफल्स का एक जवान शामिल है। वहीं परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले गिरोह का सरगना उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का रहने वाला है। गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के कदियाही निवासी आइआरबी-8 के जवान कुंदन कुमार उर्फ मंटू, जम्होर थाना क्षेत्र के बेदाही निवासी असम राइफल्स का जवान राम निवास राय, उसका भतीजा कविराज उर्फ मोटू, होमगार्ड जवान निवास कुमार राय, गिरीडीह जिले के धनसार थाना क्षेत्र के खेरवानी निवासी आइआरबी-8 का जवान रोबिन कुमार, गावां थाना क्षेत्र के पिहरा निवासी आइआरबी-8 के जवान अभिलाष कुमार, कोडरमा जिले के सतगावां थाना क्षेत्र के सेहास निवासी आइआरबी-8 के जवान अखिलेश कुमार और चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के खुटीकेवाल खुर्द निवासी आइआरबी-8 के जवान गौरव कुमार का नाम शामिल है। बताते चलें कि सीआइडी थाना (कांड सं0-01/2025) में एक जनवरी 2025 को मामला दर्ज किया गया था। 21 व 22 सितंबर 2024 को राज्य के सभी जिलों में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गयी थी। सीजीएल पेपर में कथित धोखाधड़ी एवं सीजीएल परीक्षा के उम्मीदवार के साथ धोखाधड़ी एवं दिग्भ्रमित कर- के प्रश्नपत्र देने के नाम पर पैसे उगाही का मामला जांच में उजागर हुआ था। हालांकि अभी तक प्रत्यक्ष एवं भौतिक रूप से सीजीएल पेपर की जांच चल रहा है।

# जस्टिस वर्मा के घर पहुंची जांच टीम, 45 मिनट रुकी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली हाइकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली के 30, तुगलक क्रिसेंट स्थित आवास पर मंगलवार दोपहर सीजेआइ की गठित तीन सदस्यीय टीम (इन हाउस पैनल) जांच के लिए पहुंची। टीम उस स्टोर रूम में गयी, जहां 500-500 रुपये के नोटों से भरीं अधजली बोरियां मिली थीं। बताते चलें कि जस्टिस यशवंत वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी। उनके घर के स्टोर रूम जैसे कमरे में 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले। सवाल खड़ा हुआ कि इतना कैश कहां से आया। इसके बाद से मामला चर्चा में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीम जस्टिस वर्मा के घर 45 मिनट रुकी। जांच टीम में पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस जी एस संधावालिया और कर्नाटक हाइकोर्ट के जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं।

# झारखंड में महिलाएं अब रात में भी फैक्ट्री में कर सकेंगी काम

- विधानसभा से कारखाना संशोधन और झारखंड माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक पारित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 18वें दिन मंगलवार को सदन में दो विधेयक, कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2025 और झारखंड माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025 पेश किये गये। दोनों विधेयकों को पारित भी कर दिया गया। कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक के तहत झारखंड में किसी कारखाने या प्रतिष्ठान में कार्यरत महिला श्रमिकों को उनकी सहमति से शाम सात बजे से प्रातः छह बजे तक काम पर रखा जा सकेगा। इसके तहत उनकी सुरक्षा, अवकाश और कार्य घंटों से संबंधित सभी आवश्यक शर्तें लागू होंगी या अन्य शर्तें, जो नियोक्ता द्वारा पालन की जायेंगी, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की जा सकेंगी।

**क्या है उद्देश्य :** कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2025 का मुख्य उद्देश्य राज्य में रोजगार के अवसरों और औद्योगिकीकरण की गति को तेज करना है। इस विधेयक के अंतर्गत इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 66 की उपधारा (1) के खंड (बी) में संशोधन कर रात्रि पाली में महिला कामगारों को काम करने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। इस संशोधन से झारखंड में रोजगार और औद्योगिकीकरण में तेजी आयेगी और उत्पादन लक्ष्यों का निर्धारिण कर इसे तय समय पर पूरा करने में सहूलियत होगी। यह संशोधन महिला और पुरुष कामगारों को समान अवसर प्रदान करने में भी सहायक होगा।

### झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025

**भारत सरकार द्वारा माल एवं सेवा कर में किये गये संशोधनों के अनुसार राज्यों को भी अपनी नियमावली में संशोधन करना आवश्यक है। इसी कड़ी में झारखंड सरकार ने भी इसमें संशोधन किया है। केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 में किये गये संशोधनों को राज्य में लागू करने के लिए झारखंड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की विभिन्न धाराओं में संशोधन किया गया है। इनमें धारा 2, 9, 10, 13, 16, 17, 21, 30, 31, 35, 39, 49, 50, 51, 54, 61, 62, 63, 64, 65, 66, 70, 73, 74, 75, 104, 107, 109, 112, 122, 127, 140, 171 शामिल हैं। इसके अलावा, धारा-11क, 74क, 122, 128क का अंतः स्थापन, धारा-20 का प्रतिस्थापन और अनुसूची-3 में कुछ संशोधन भी किये गये हैं।**

## निजी स्कूलों की मनमानी पर विधानसभा में हंगामा

# अंकुश लगाने के लिए कानून बनायें: स्पीकर

- रबींद्रनाथ महतो ने सरकार को निर्देश देकर मामला किया शांत
- मंत्री रामदास सोरेन ने कहा : शिकायत करें, कड़ी कार्रवाई होगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 18वें दिन मंगलवार को सदन में निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से री-एडमिशन और अन्य शुल्क के नाम पर मोटी रकम वसूलने का मुद्दा उठा। इस पर हंगामा भी हुआ। हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस मुद्दे को उठाया। इस पर प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी, सदस्य नवीन जायसवाल समेत अन्य सदस्यों ने भी सरकार को घेरा। बहस बढ़ता देख विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने हस्तक्षेप किया और सरकार को निजी स्कूलों की मनमानी को रोकने के लिए कानून बनाने का निर्देश दिया।

**कभी निजी स्कूलों में नहीं पढ़ पाएंगे गरीबों के बच्चे : प्रदीप प्रसाद :** विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में कहा कि समान शुल्क पर एक समान शिक्षा क्यों नहीं मिलती। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि क्या राज्य में संचालित एक ही बोर्ड के समस्त निजी स्कूलों में सरकार एक सामान शुल्क निर्धारित करने का अधिकार रखती है। इसके जवाब में मंत्री रामदास सोरेन ने ऐसा करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी निजी विद्यालय स्वतंत्र हैं और पूरे विद्यालय के संचालन का अधिकार केवल समिति को ही होता है। इस पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य के गरीब अभिभावकों की समस्या को बताते हुए कहा कि अगर सरकार निजी स्कूलों द्वारा ली जाने वाली फीस की सीमा तय नहीं कर पाती है, तो गरीबों के बच्चे कभी निजी स्कूलों में नहीं पढ़ पायेंगे। उन्होंने कहा कि आखिर निजी स्कूलों में इतनी अधिक लग्जरी की क्या जरूरत है। सभी स्कूलों में केवल बढ़िया क्लासरूम, बाथरूम और उचित शिक्षा की ही आवश्यकता होती है।


**विसंगतियों पर रोक लगाने के लिए कानून की आवश्यकता :** स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने भी मनामाने ढंग से ली जानी वाली फीस पर रोक लगाने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इन सभी विसंगतियों पर रोक लगाने के लिए सरकार की ओर से एक कानून बनना चाहिए। उनके इस जवाब का सभी विधायकों ने मेज थपथपा कर सराहना की।

### डीसी को हर माह बैठक करानी चाहिए : बाबूलाल मरांडी

री-एडमिशन के नाम पर मनमाना शुल्क वसूलने के मामले पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी कहा कि यह विषय काफी गंभीर है। निजी स्कूलों की फीस को लेकर न्यायाधिकरण बना हुआ है, लेकिन इसके लिए जो बैठकें होनी चाहिए, वे नहीं होती हैं। उपायुक्त को कम से कम हर महीने कमेटी की बैठक करवानी चाहिए। खासकर एडमिशन से पूर्व अनिवार्य रूप से एक बैठक करनी चाहिए। लेकिन, बैठकें न के बराबर होती हैं। वहीं, विधायक नवीन जयसवाल ने निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने ढंग से लिये जाने वाले री-एडमिशन शुल्क पर रोक लगाने की मांग की। इसके जवाब में मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि अगर कोई भी निजी स्कूल री-एडमिशन के नाम पर कोई शुल्क ले रहा है, तो जिला स्तर की कमेटी में इसकी शिकायत करें। उन्होंने ऐसा करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई करने की बात कही।

### एसपीटी जमीन पर स्कूल-कॉलेज के लिए राज्यपाल को भेजा जायेगा प्रस्तावः रामदास

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 18वें दिन मंगलवार को झामुमो की लुइस मरांडी के सवाल पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि संताल परगना में एसपीटी एक्ट के तहत आदिवासी जमीन को गैर आदिवासी नहीं खरीद सकता। दान भी नहीं दे सकता। संताल के कई स्कूल बंद होने के कगार पर हैं। झामुमो के हेमलाल मुर्मू ने कहा कि अल्पसंख्यक सहित कई स्कूल खुले हैं। विद्यार्थियों को भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। एसपीटी एक्ट बड़ी बाधा है। रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा है। स्कूल-कॉलेज में रिलेक्शेसन देने की आवश्यकता है। इस पर कांग्रेस के राजेश कच्छप ने कहा कि सीएनटी में भी पांच साल का लीज एग्रीमेंट किया जाता है। इस पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि स्कूल कॉलेज के लिए डीसी की अनुशंसा से राज्यपाल के पास प्रस्ताव भेजने पर विचार करेंगे।








# सरकारी टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता का घोर अभाव है : बाबूलाल मरांडी

## चहेतों को लाभ पहुंचने के लिए नियमों की उड़ायी जा रहीं धज्जियां

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की सरकारी टेंडर प्रक्रिया पर सवाल खड़ा किया।

श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में सरकारी टेंडर आवंटन प्रक्रिया की पारदर्शिता लगातार संदेह के घेरे में रही है। महालेखाकार की जांच में यह सामने आया है कि पेयजल स्वच्छता, ग्रामीण कार्य विकास, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन जैसे दर्जनों विभागों में एक ही आइपी एड्रेस से टेंडर भरे गये, जिससे स्पष्ट है कि ठेके पहले से ही तय होते हैं।

कहा कि पूरी प्रक्रिया सिर्फ औपचारिकता होती है। अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं। कहा कि जब टेंडर आवंटन में इतनी अनियमितता होंगी, तो सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की गुणवत्ता पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा। नतीजा यह है कि जलमीनार ध्वस्त हो रही हैं, सड़कें महीनों में ही जर्जर हो जाती हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों में इंजीनियर, अधिकारी से लेकर मंत्री तक जेल की सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। कहा कि यह स्थिति न केवल प्रदेश के विकास में बाधक बन रही है, बल्कि झारखंड की छवि भी खराब कर रही है। अगर भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आम जनता का सरकारी तंत्र पर से विश्वास पूरी तरह उठ जायेगा। कहा कि अब वक्त आ गया है कि जवाबदेही तय की जाये और पारदर्शिता सुनिश्चित कर जनता के पैसों की लूट को रोका जाये।

## सुप्रीम कोर्ट : डीजीपी नियुक्ति मामले में मुख्य सचिव सहित अन्य प्रतिवादियों को नोटिस

रांची (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी के पद पर नियुक्ति से संबंधित एक अवमानना याचिका में प्रतिवादी बनाये गये अधिकारियों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। साथ ही मामले की अगली सुनवाई के लिए चार-पांच मई की तिथि निर्धारित करने का आदेश दिया है। बाबूलाल मरांडी ने अपनी याचिका में मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना डाडेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, सेवानिवृत न्यायाधीश रतनाकर भेंगरा और नीरज सिन्हा को प्रतिवादी बनाया है। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद पर नियुक्ति को प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का उल्लंघन करार देते हुए अवमानना याचिका दायर की थी।

# केंद्रीय महाधिवेशन के लिए झामुमो की समितियां गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो का 133वां केंद्रीय महाधिवेशन 14 और 15 अप्रैल को रांची के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाला है। आयोजन की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिनके संचालन की जिम्मेदारी केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन को सौंपी गयी है।

### तीन प्रमुख समितियों का गठन किया गया

- राजनीतिक प्रस्ताव सह आगामी कार्यक्रम एवं रूप-रेखा समिति: इस समिति में प्रो स्टीफन मरांडी, विनोद कुमार पांडेय, दीपक बिरुआ, महुआ माजी, बसंत सोरेन, मथुरा प्रसाद महतो, सुप्रियो भट्टाचार्य, हेमलाल मुर्मू, मिथिलेश ठाकुर और हफीजुल हसन शामिल हैं।
- संविधान संशोधन समिति: इस समिति में नलिन सोरेन, विनोद कुमार पांडेय, फागु बेसरा, सुदिव्य कुमार सोनू योगेंद्र प्रसाद, अभिषेक प्रसाद और विजय हांसदा शामिल हैं।
- आयोजन सह स्वागत समिति: इस समिति में विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, चमरा लिंडा, नंदकिशोर मेहता, अभिषेक प्रसाद, मनोज कुमार पांडेय, महुआ माजी, विकास सिंह मुंडा, अमित कुमार और मुश्ताक आलम शामिल हैं।

## दिनेश गोप को इलाज के लिए पलामू जेल से लाया गया रिम्स

रांची (आजाद सिपाही)। पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पलामू जेल से इलाज के लिए रिम्स लाया गया है। दिनेश गोप का इलाज रिम्स के ट्रामा सेंटर में होगा। हालांकि इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पायी है। उल्लेखनीय है कि दिनेश गोप के हाथ में चोट लगी थी, जिसके बाद उनका ऑपरेशन हुआ था। इस दौरान कुछ न्यूरो से संबंधित मामले भी सामने आये थे। सबसे पहले दिनेश गोप के बेहतर इलाज के लिए रिम्स मेडिकल बोर्ड ने देवघर एम्स भेजने की अनुशंसा की थी। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि न्यूरो सर्जन रिम्स में उपलब्ध हैं। इसलिए रिम्स में दिनेश गोप का बेहतर इलाज संभव है। इसके बाद हाइकोर्ट ने सरकार को दिनेश गोप को बेहतर इलाज के लिए रिम्स में शिफ्ट करने का निर्देश दिया था। साथ ही इसको लेकर उठाये गये कदम की जानकारी देने को भी कहा था। इस मामले में अगली सुनवाई 27 मार्च को होनी है।

# अगले महीने कोल्हान में शुरू होगा आदिवासी अस्मिता बचाने का अभियान : चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के नेतृत्व में संथाल परगना में शुरू हुआ आदिवासी अस्मिता बचाने का अभियान अप्रैल में कोल्हान में शुरू होगा। पूर्व सीएम द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठियों और धर्मांतरण के खिलाफ शुरू किया गया यह अभियान लगातार चर्चा में है। इस विषय पर मंगलवार को कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों से आये आदिवासी समाज के मानकी-मुंडाओं के साथ पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की बैठक हुई। इस बैठक के दौरान घुसपैठियों, धर्मांतरण समेत आदिवासी समाज से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों और उनसे निपटने की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए चंपाई सोरेन ने कहा- झारखंड का आदिवासी समाज आज दोतरफा चुनौतियों से घिरा हुआ है। एक तरफ बांग्लादेशी घुसपैठिए भूमिपुत्रों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, हमारी बेटियों से शादी कर सामाजिक ताने-बाने को तहस-नहस कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर तेजी से बढ़ रहे धर्मांतरण की वजह से सरना आदिवासी समाज का अस्तित्व ही संकट में आ चुका है। इस सामाजिक संघर्ष को तेज करने का संकल्प दोहराते हुए उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन करने वालों और दूसरे धर्म में शादी करने वालों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए।

उन्होंने बताया कि अगले महीने (अप्रैल 2025) से पोड़ाहाट (प. सिंहभूम) समेत कोल्हान के कई क्षेत्रों में आदिवासी समाज की अस्मिता एवं अस्तित्व की रक्षा हेतु अभियान शुरू होगा। ज्ञात हो कि पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठियों एवं धर्मांतरण के खिलाफ संथाल परगना से एक वृहत आंदोलन शुरू किया है।

## राजकीय महोत्सव में प्रस्तुत किया गया अश्लील संगीत, वित्त मंत्री ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र, कहा

# अधिकारियों पर कार्रवाई करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**पलामू।** गढ़वा का श्री बंशीधर नगर महोत्सव विवादों में आ गया है। श्री बंशीधर नगर महोत्सव के आयोजन को लेकर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। इस पत्र में गढ़वा जिला प्रशासन पर कई गंभीर बातें लिखी गयी हैं।

वित्त मंत्री ने यह अनुशंसा की है कि राजकीय महोत्सव आयोजन करने की जिम्मेवारी डीसी की जगह कमिश्नर या विभागीय सचिव को दें। वित्त मंत्री ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि जानकारी के अनुसार राजकीय महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर अश्लील गानों को परोसा गया है, इन गानों पर मंच के सामने बैठे लोग संभवत जिला प्रशासन के अधिकारी झूमते नजर आ रहे थे।

राजकीय महोत्सव पर 80 लाख रुपये बजट का प्रावधान है। 50 लाख रुपये गढ़वा जिला प्रशासन को अग्रिम राशि का भुगतान किया गया था। इस राशि के माध्यम से शास्त्रीय संगीत, कवि सम्मेलन, आदिवासी लोक नृत्य, बांसुरी वादन जैसे संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन होना था। पत्र में लिखा गया है कि भोजपुरी संगीत के माध्यम से अश्लील गानों के प्रस्तुतीकरण से श्रीबंशीधर नगर महोत्सव की भव्यता और दिव्यता भंग हुई है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पूरे मामले में दोषी अधिकारियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। वित्त मंत्री ने महोत्सव के लिए जारी की गयी राशि की ऑडिट करने की आवश्यकता बतायी है। 19 एवं 20 मार्च को गढ़वा के श्री बंशीधर नगर में राजकीय महोत्सव का आयोजन किया गया था। श्री बंशीधर नगर में भगवान श्री कृष्ण की ऐतिहासिक मूर्ति मौजूद है। श्री बंशीधर नगर को श्री कृष्णा कॉरिडोर का हिस्सा बनाने की भी घोषणा हुई है।

# मणिपुर और परिसीमन के मुद्दे पर जनता को दिगभ्रमित ना करे झामुमो : प्रतुल शाहदेव

- संघ के संदर्भ में झूठे बयानों का सहारा ना ले झामुमो
- संघ के बलिदान और त्याग को समझने में झामुमो को युग लग जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा परिसीमन और मणिपुर के मुद्दे पर जनता को दिगभ्रमित ना करे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक राष्ट्रवादी संगठन है जिसने राष्ट्र और सनातन के हित में सदैव कार्य किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा खीज और हताशा के कारण संघ के बयानों को गलत तरीके से पेश कर रहा है। प्रतुल ने कहा जिस झामुमो के कार्यकाल में झारखंड की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बदनामी हुई हो वह एक राष्ट्रवादी संगठन पर टिप्पणी करें, यह शोभनीय नहीं है।

प्रतुल ने कहा कि संघ ने कभी परिसीमन का विरोध नहीं किया है। संघ का स्पष्ट मानना है कि परिसीमन को इस तरीके से लागू करना चाहिए कि वह देश की एकता और अखंडता को मजबूत करे। संघ ने स्पष्ट किया है कि परिसीमन के कारण क्षेत्रीय असंतुलन और सांस्कृतिक पहचान को नजरअंदाज नहीं किया जाये। प्रतुल ने कहा कि कई मौकों पर गृह मंत्री अमित शाह की इन बातों को दोहरा चुके हैं कि परिसीमन से ना तो किसी राज्य के साथ अन्याय होगा और ना ही आनुपातिक आरक्षण किसी प्रकार से कम होगा। प्रतुल ने कहा ना तो परिसीमन की प्रक्रिया तय हुई है और ना उसका ड्राफ्ट सामने आया है। उसके बावजूद झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा दिया गया बयान समझ से परे है।

प्रतुल ने कहा कि मणिपुर पर भी संघ के बयान को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गलत तरीके से पेश किया। संघ का मानना है कि पिछले 20 महीना से मणिपुर एक कठिन दौर से गुजर रहा है। लेकिन हाल में केंद्र के द्वारा दिये गये प्रशासनिक एवं राजनीतिक फैसलों से आशा की उम्मीद जगी है। भाजपा की तरह संघ का भी मानना है कि मणिपुर में चल रहे विवाद का समाधान सभी समुदायों में विश्वास पैदा करके होगा। प्रतुल ने कहा कि अब मणिपुर में हालात तेजी से बदल रहे हैं। सरकार चरणबद्ध तरीके से लंबे समय से बंद सड़क मार्गों को भी खोल रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा जनता को दिगभ्रमित करने के लिए ऐसे बयानों का सहारा ले रही है।

# ड्रग के इस्तेमाल और तस्करी के खतरे से सख्ती से निपटा जाना चाहिए : कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ड्रग के इस्तेमाल और इसकी तस्करी के खतरों से सख्ती से निपटना चाहिए। एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने अभियुक्त रामसेवक कुम्हार की जमानत याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। साथ ही उसकी मिसलेनियस क्रिमनल पिटीशन को निष्पादित कर दिया है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 4348.80 किलो डोडा जब्त करने से जुड़े मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार किया था। वह फरवरी 2025 से जेल में है।

### सरकारी वकील ने किया विरोध

**सरकारी वकील ने अभियुक्त की ओर से दी गयी दलील और अनुरोध का विरोध किया। साथ ही यह भी कहा कि उसे 4348.80 किलो डोडा के मामले में गिरफ्तार किया गया है। उसके साथ नरमी नहीं बरती जानी चाहिए।**

**कोर्ट में अभियुक्त की ओर से दी गयी दलीलें :** अभियुक्त की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि वह डोडा जब्त करने से जुड़ी प्राथमिकी में नामजद अभियुक्त नहीं है। डोडा के साथ गिरफ्तार किये गये लोगों ने उसका नाम भी नहीं लिया था। उसके पास से कुछ बरामद भी नहीं किया गया है।

टीआइ परेड में उसकी पहचान भी नहीं करायी गयी है। उसका कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं रहा है। इन तथ्यों के देखते हुए न्यायालय को अभियुक्त के मामले में नरमी से विचार करना चाहिए।

**याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने की कड़ी टिप्पणी :** सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने मामले से संबंधित दस्तावेज की जांच में पाया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 23 नवंबर 2024 को रांची टाटा मार्ग पर लाइन होटल के पास एक ट्रक को पकड़ा था। इसमें 4348.80 किलो डोडा पाया गया था।

ट्रक के साथ पकड़े गये लोगों के पास इससे संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। इसलिए ट्रक के चालक और खलासी को गिरफ्तार किया गया था। इस ट्रक की जांच के दौरान ही एक काले रंग की स्कॉर्पियो ने एनसीबी की टीम पर पिस्तौल से फायरिंग की थी।

इस घटना की जांच में यह पाया गया कि स्कॉर्पियो किसी सूरज उरांव नाम से निबंधित (रजिस्टर्ड) है। एनसीबी की टीम ने बाद में बुंडू से रामसेवक को सूरज उरांव के साथ गिरफ्तार किया था। न्यायालय ने दस्तावेज में वर्णित तथ्यों के मद्देनजर रामसेवक को घटना से संबंधित पाया। न्यायालय ने अभियुक्त की ओर से दायर याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए लिखा कि राज्य में नारकोटिक्स और ड्रग्स की तस्करी बढ़ती जा रही है। इससे युवा और समाज प्रभावित हो रहा है। यह देश की अर्थव्यवस्था को भी बर्बाद कर रहा है। अब समय आ गया है कि ड्रग के इस्तेमाल और तस्करी के मामलों से हमदर्दी के बदले सख्ती से निपटा जाये।

# राज्य सरकार की असफल नीतियों से शिक्षा व्यवस्था चौपट: राफिया नाज

- सरकारी स्कूलों में घट रही छात्रों की संख्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में शिक्षा के स्तर में निरंतर गिरावट और सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में कमी को लेकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार की नीतियों पर कड़ी आलोचना की। राफिया ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में लगभग नौ लाख छात्रों की संख्या घटने से राज्य के भविष्य पर गहरा संकट आ खड़ा हुआ है। राफिया ने कहा, पिछले तीन वर्षों में राज्य के सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में लगभग नौ लाख की कमी आयी है। यह स्थिति न केवल झारखंड के विकास को प्रभावित कर रही है, बल्कि हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य पर भी सवालिया निशान लगा रही है, साथ ही राज्य सरकार की नाकामी को भी उजागर कर रही है।

उन्होंने बताया कि यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफारमेशन सिस्टम फॉर एडुकेशन प्लस रिपोर्ट के अनुसार, 2021-2022 में जहां 79,70,050 बच्चे नामांकित थे, वहीं 2022-23 में यह घटकर 72,09,261 और 2023-24 में केवल 70,97,545 रह गये हैं। इस गिरावट के पीछे कई कारण हैं, जिनमें शिक्षकों की कमी, स्कूलों में सुविधाओं का अभाव और शिक्षा के लिए बजट में की गयी कटौती प्रमुख कारण हैं।

राफिया नाज ने कहा कि झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। राज्य के 7,642 स्कूलों में से कई स्कूलों में केवल एक शिक्षक के भरोसे पूरे स्कूल की पढ़ाई चल रही है। इन स्कूलों में 3.78 लाख छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जिनका शैक्षिक भविष्य केवल एक शिक्षक की मेहनत पर निर्भर है। यह न केवल शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है, बल्कि राज्य सरकार की नाकामी का भी स्पष्ट उदाहरण है।



इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा, राज्य के कई स्कूलों में बच्चों की संख्या इतनी कम हो गयी है कि 2863 स्कूलों में 25 से भी कम छात्र नामांकित हैं। कई स्कूलों में तो एक भी बच्चा नामांकित नहीं है। यह स्थिति सरकारी नीतियों की विफलता को दर्शाती है। झारखंड के प्रमुख जिलों जैसे रांची, गुमला, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, साहिबगंज, हजारीबाग, धनबाद, दुमका और बोकारो में ऐसे स्कूलों की संख्या ज्यादा है, जहां छात्रों की संख्या 25 से भी कम है। रांची में 350, गुमला में 250, पूर्वी सिंहभूम में 200 और दुमका में 200 स्कूल ऐसे हैं, जहां छात्रों की संख्या चिंताजनक स्तर तक गिर चुकी है।

उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। झारखंड में लाखों छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान सेनेटरी पैड की कमी के कारण कक्षा छोड़नी पड़ती है। यह समस्या शिक्षा में एक बड़ी रुकावट का कारण बनती है, क्योंकि सेनेटरी पैड की अनुपलब्धता के कारण कई छात्राएं पेट दर्द के चलते स्कूल छोड़ देती हैं। यह राज्य सरकार की नाकामी को दर्शाता है, क्योंकि इस मुद्दे पर अब तक कोई ठोस नीति नहीं बनायी गयी है और छात्राओं को विद्यालय में सैनिटरी पैड्स उपलब्ध कराने में भी सरकार असफल है, जो कि यह बहुत बड़ी चिंता का विषय है।

राफिया ने कहा, राज्य सरकार ज़िलों में लाइब्रेरी खुलवाने की बात कर रही है पर राज्य के सरकारी स्कूलों में बच्चों को समय पर किताबें भी नहीं मिल पा रही हैं। खासकर कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों को किताबों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है और दूसरी तरफ सरकारी स्कूल के बच्चों को मुफ़्त में साइकिल बांटने का झूठा दावा हास्यपद है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा बजट में कटौती भी एक और गंभीर समस्या है। झारखंड सरकार ने शिक्षा के बजट में भारी कटौती की है, जो राज्य में शिक्षा के स्तर को और गिरा देगा।

# संकरी गलियों में आग बुझाने के लिए खरीदे जायेंगे 39 छोटे अग्निशमन वाहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के ग्रामीण इलाके के संकरी गलियों में आग बुझाने के 39 छोटे अग्निशमन वाहन खरीदे जायेंगे। 11.70 करोड़ रुपये की लागत से इन वाहनों की खरीदारी होगी। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने छोटे अग्निशमन वाहनों की खरीददारी के लिए राशि स्वीकृति के संबंध में महालेखाकार को पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि झारखंड के शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में संकरी गलियों में बने भवनों और इमारतों में आगजनी की घटनाओं के दौरान बचाव और राहत कार्य के लिए इन छोटे अग्निशमन वाहनों की आवश्यकता है।

**राज्य के 38 फायर स्टेशनों को मिलेंगे 39 अग्निशमन वाहन :** बता दें कि डोरंडा, आंद्रेहाउस, पिस्कामोड़, धुर्वा, बुंडू, खूंटी, गोलमुरी, मानगो, बहरागोड़ा, चाइबासा, चांडिल, सरायकेला, आदित्यपुर, धनबाद नगर और झरिया फायर स्टेशन को एक-एक अग्निशमन वाहन मिलेंगे।

इसके अलावा सिंदरी, बोकारो, चास, तेनुघाट, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, हजारीबाग, बरही, चतरा, लातेहार, पलामू, हुसैनाबाद, गढ़वा, कोडरमा, रामगढ़, गोड्डा, दुमका, देवघर, साहेबगंज, पाकुड़ और गिरिडीह फायर स्टेशन को भी एक-एक अग्निशमन वाहन दिये जायेंगे।





वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 31.2 °c | 17.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.48 बजे |









# आंदोलनकारियों को उत्तराखंड की तर्ज पर मिले सुविधा : मथुरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो ने सदन में उत्तराखंड की तर्ज पर आंदोलनकारियों को सुविधा देने की मांग की। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि उत्तराखंड की तर्ज पर आंदोलनकारियों को सुविधा मुहैया कराने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। हालांकि पुलिस फायरिंग में घायल, जेल में मौत और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग के आश्रितों को तृतीय और चतुर्थ वर्ग में सीधी नियुक्ति दी जा रही है। अब तक 20 लोगों को सीधी नियुक्ति मिल चुकी है। तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी में पांच फीसदी क्षैतिज आरक्षण भी दिया जा रहा है।

2021 से अब तक 16584 आंदोलनकारियों को चिह्नित किया गया है। इस पर समीक्षा के बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। मथुरा महतो ने कहा कि एक ही मुकदमे में जो लोग जेल गये, सभी को लाभ मिलना चाहिए। वहीं मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि चार्जशीट में जिन आंदोलनकारियों का नाम दर्ज है, उनको भी लाभ मिलना चाहिए। इस विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आप कैबिनेट मंत्री हैं, सवाल नहीं कर सकते, सुझाव दे सकते हैं।

# भ्रष्ट अधिकारियों को तत्काल निलंबित करे सरकार : राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 18वें दिन मंगलवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि करोड़ों रुपये की राजस्व हानि के बावजूद भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों पर बनाये रखा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उपायुक्त, धनबाद द्वारा संतोष कुमार, जिला अवर निबंधक, श्वेता कुमारी, सहायक निबंधन महानिरीक्षक, सुजीत कुमार, तत्कालीन अवर निबंधक, धनबाद-सह- तत्कालीन जिला अवर निबंधक, हिनू, अशोक कुमार सिन्हा, जिला अवर निबंधक, चाइबासा के साथ-साथ राम कुमार मधेसीया, अवर निबंधक, जमशेदपुर और राजेश एक्का, जिला अवर निबंधक, हजारीबाग के विरुद्ध उपायुक्त, हजारीबाग की अनुशंसा के आलोक में विभागीय कार्रवाई शुरू करने सहित कई अन्य निबंधन सेवा के पदाधिकारियों के विरुद्ध गंभीर आरोप गठित होने के बावजूद सरकार उक्त पदाधिकारियों पर आवश्यक कार्रवाई न करते हुए सभी को महत्वपूर्ण पद पर पदस्थापित किया है। उन्होंने कहा कि इस पदाधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब आरोप गठित हो चुका है, तो कहा जा रहा है कि रिपोर्ट मंगायेंगे। निलंबित किया ही जा सकता है। इसका मतलब है कि सरकार भ्रष्टचार को संरक्षण दे रही है। राज सिन्हा ने कहा कि ये न्याय नहीं है। उन पदाधिकारियों को उस जगह से हटाकर रिपोर्ट मंगायें। जिला से हटाने में क्या आपत्ति है। इससे यह संदेश जा रहा है कि सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है।

## निलंबन या ट्रांसफर सजा नहीं: राधाकृष्ण

संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में हेमंत सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। निलंबन या ट्रांसफर सजा नहीं है। 15 दिन के अंदर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि रामकुमार के खिलाफ सीबीआइ जांच चल रही है। धनबाद डीसी से पांच निबंधकों के बारे में बात की है। डीसी को 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट के बाद कठोर से कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# जैप आइटी शोषक जमींदार के रूप में बैठा है: प्रदीप यादव

## मैन पावर उपलब्ध कराने वाली सात कंपनियों पर केस दर्ज, फिर भी वह काम कर रहीं





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 18वें दिन मंगलवार को कांग्रेस के प्रदीप यादव ने मैन पावर सप्लाइ करने वाली एजेंसियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि चार साल बाद भी उन्हीं कंपनियों को शॉर्ट लिस्ट किया जा रहा है।

इनमें से सात कंपनियों पर केस दर्ज है।

फिर भी ये काम कर रही हैं। जैप आइटी शोषक जमींदार के रूप में बैठा है। ये कंपनियां युवाओं के मानदेय को निगल रही हैं।

## एजेंसी के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकती है : रामदास सोरेन

इस पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं इ-गवर्नेंस विभाग के अंतर्गत जैप-आइटी मैन पावर रेट कांट्रेक्ट के आधार पर एजेंसी को सूचीबद्ध करता है। विभाग उपरोक्त एजेंसी के माध्यम से स्वयं मैनपावर हायर करती है। लेकिन विभाग इस रेट कांट्रेक्ट से बंधे हुए नहीं हैं। वे अपने अनुबंध के तहत किसी भी एजेंसी से जनशक्ति प्राप्त कर सकते हैं। खुली निविदा के माध्यम से एजेंसी का चयन किया जाता है। चयन में झारखंड की एजेंसी को प्राथमिकता दी जाती है। शिकायत मिलने पर संबंधित विभाग को जांच/कार्रवाई के लिए लिखा जाता है और एजेंसी के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

# पिछड़ा वर्ग मंत्रालय का गठन किया जाये : प्रदीप यादव

**आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों को समुचित लाभ नहीं मिल रहा है**

**रांची (आजाद सिपाही)।** विधानसभा के बजट सत्र के 18वें दिन मंगलवार को विधायक प्रदीप यादव ने पिछड़ा वर्ग मंत्रालय के गठन की मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्ग की संख्या 90% से भी अधिक है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार ने आरक्षण की सीमा को बढ़ाते हुए पिछड़ों के लिए 27% आरक्षण और जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है, लेकिन यह निर्णय अब तक प्रभावी नहीं हो पाया है। उन्होंने संविधान के 93वें संशोधन (शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण) और हाइकोर्ट के निर्णय का भी जिक्र किया, जो राज्य में लागू नहीं हो पाया है, जिससे आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों को समुचित लाभ नहीं मिल रहा है।

प्रदीप यादव ने अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी पिछड़ा वर्ग मंत्रालय के गठन की मांग की, ताकि बड़ी आबादी के हितों की रक्षा हो सके।

इस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि पिछड़ों के कल्याण के लिए अलग विभाग संवैधानिक प्रावधान का मामला है। फिलहाल इस पर कोई विचार नहीं किया जा सकता। पीएम और राष्ट्रपति के पास प्रतिनिधि मंडल भेजने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस पर विचार किया जायेगा।

# जंगल का आकलन सेटेलाइट के माध्यम से होता है : सुदिव्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के हेमलाल मुर्मू ने सदन में जंगलों में आगजनी, जंगल की कटाई और आगलगी से जंगली जानवरों की मौत का मामला उठाया। इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि जंगल की कटाई पूरी तरह से बंद है। लकड़ी चोरी की आंशिक घटनाएं होती हैं। महुआ चुनने के दौरान आग लगने की घटना होती है। पहले महुआ के लिए नेट का उपयोग किया जाता था। पीटीआर में महुआ पेड़ों की जिओ टैगिंग की गयी है, ताकि उन पेड़ों की विशेष निगरानी रखी जा सके। सरकार के पास आग की चपेट में आये जानवरों और सांप की संख्या का कोई स्पष्ट आंकड़ा नहीं है। शेर, हाथी, चीता की गणना होती है, लेकिन सांप, नेवला और चिड़िया की गणना नहीं की जाती है। वन का आकलन उपग्रह के माध्यम से होता है। ग्रामीणों को हुए नुकसान की रिपोर्टिंग नहीं है। वृक्षारोपण मल्टीपल हेड से होता है।

# दो आइपीएस का तबादला, डीजी एमएस भाटिया समेत पांच को मिली पोस्टिंग

**अनिल पालटा को रेल डीजी, पंकज कंबोज बने पुलिस हाउसिंग निदेशक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकार ने दो आइपीएस का तबादला किया है। साथ ही पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत डीजी एमएस भाटिया समेत पांच आइपीएस को पोस्टिंग भी दी गयी है। इसके अलावा अनिल पालटा को रेल डीजी बनाया गया और पंकज कंबोज को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का निदेशक बनाया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार की देर शाम जारी कर दी गयी है।



## कौन कहां गये

- होमगार्ड डीजी के पद पर पदस्थापित अनिल पालटा को रेल डीजी बनाया गया।
- पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत एमएस भाटिया को होमगार्ड डीजी बनाया गया।
- आइजी प्रोविजन के पद पर पदस्थापित पंकज कंबोज को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का निदेशक बनाया किया गया।
- पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत शुभम खंडेलवाल को सिमरिया एसडीपीओ बनाया गया।
- पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत गौरव गोस्वामी को एसडीपीओ पतरातू बनाया गया।
- पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत वेदांत शेखर को सीडीपीओ किस्को बनाया गया।
- पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत शिवम प्रकाश को सीडीपीओ चक्रधरपुर बनाया गया।

# दिव्यांग पेंशन पांच हजार करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**राजभवन से निकाला पैदल मार्च**

पशुपति सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के बैनर तले सैकड़ों दिव्यांग जनों ने अपनी मांगों को लेकर राजभवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक पैदल मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से दिव्यांग पेंशन को बढ़ाकर 5000 रुपये प्रतिमाह करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वर्तमान में दिव्यांग पेंशन मात्र 1000 रुपये है। जबकि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये दिये जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार दिव्यांगों की उपेक्षा कर रही है। वर्ष 2022 में भी विधानसभा घेराव किया गया था, जिसमें पेंशन बढ़ाने पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक इसमें कोई वृद्धि नहीं हुई है।




## कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शिक्षकों के वेतन का मामला उठाया

# बकाया वेतन का भुगतान कर दिया गया है : रामदास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पलामू जिले के उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में कार्यरत 408 शिक्षकों को वर्ष 2023 का वेतन का भुगतान का मामला सदन में रखा।

इस पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू के पत्रांक 438 दिनांक 22.03.2025 से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार माह मार्च, 2025 के प्रथम सप्ताह में आवंटन प्राप्त होते ही सभी शिक्षकों का वर्ष 2023 का बकाया वेतन का भुगतान कर दिया गया है। एरियर की जांच करवा ली जायेगी। वहीं कुशवाहा शशिभूषण मेहता के झलखंडी माता मंदिर से जुड़े सवाल पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि जिला पर्यटन संवर्धन परिषद व तदोपरांत राज्य पर्यटन संवर्धन समिति की अनुशंसा के आलोक में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा किसी भी स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में अधिसूचित किया जाता है, जिसके पश्चात उक्त स्थल के विकास के लिए राशि उपलब्ध करायी जाती है। उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव जिला पर्यटन संवर्धन परिषद के समक्ष विचारार्थ रखने के लिए उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला पर्यटन संवर्धन समिति, पलामू को निर्देशित किया गया है।





## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि। चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण बनेगा।
- **वृष** — संकल्पित काम पूरे होंगे,भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी,उद्योग-धंधे में सफलता।
- **मिथुन** — 0आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति।धनलाभ के अवसर बनेंगे।
- **कर्क** — नये लोगों से सम्पर्क,शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **सिंह** — सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा। मानसिक शक्तियों में वृद्धि।
- **कन्या** — धनागम के अवसर बढ़ेंगे, परिवार में मांगलिक कार्य होगा। सगे-सम्बन्धियों का आवागमन बना रहेगा।
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, सेहत में सुधार होगा नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।
- **वृश्चिक** — नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा।नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रहा है।
- **धनु** — निराशा दूर होगी, बिगड़े कार्य बनेंगे।प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा जो बाद में लाभकारी सिद्ध होगा।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।धन लाभ के अवसर बनेंगे, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी।
- **कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परन्तु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।
- **मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

## छोटकी डुंडी में विद्यार्थियों को दी गयी साइकिल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कपरफुटवा छोटकीडुंडी में विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद जेएलकेएम रामगढ़ जिला सचिव प्रभुदयाल महतो ने कल्याण विभाग से मिले 14 साइकिल का वर्ग 8वीं के स्कूली बच्चों के बीच वितरित किया। मौके पर प्रधानाध्यापक गुनीलाल महतो, शिक्षक बालेश्वर महतो, धनेश्वर महतो, शत्रुघ्न महतो, वार्ड सदस्य मनोज सोरेन समेत कई लोग मौजूद रहे।

## पालू पंचायत के ग्रामीणों की बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पालू पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन में मंगलवार को पालू पंचायत के ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में श्री श्री रामनवमी पूजा के शुभ अवसर पर मंगल जुलूस निकालने को लेकर विचार भी विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि मंगला जुलूस दिनांक 1 अप्रैल को मां काली मंदिर पालू पिपरी टोला से निकाला जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। इसमें संरक्षक मुखिया पानो देवी, पंसस सुनीता देवी, अजय कुमार सिंह, अध्यक्ष कामेश्वर महतो, उपाध्यक्ष उमेश महतो, सचिव रामेश्वर महतो, उपसचिव कृष्णा कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिवकुमार महतो, उपकोषाध्यक्ष फुलेश्वर महतो को बनाया गया।

## जिला पार्षद और मुखिया ने बच्चों को दी साइकिल



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा संचालित उन्नति का पहिया कार्यक्रम योजना के तहत मंगलवार को बड़कागांव प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरजरा में 37 छात्र – छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान विधालय के संयोजक सह प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार के अध्यक्षता में मुख्य अतिथि बड़कागांव पूर्वी जिला पार्षद सदस्य गीता देवी और विशिष्ट अतिथि पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली ने अपने हाथों से स्कूली बच्चों को साइकिल सौंपा। वहीं जिला पार्षद गीता देवी ने कहा कि सरकार की यह काफी महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना का लाभ आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले तमाम बच्चों को मिल रहा है। मुखिया चरका करमाली ने कहा साइकिल मिलने पर बच्चे बहुत खुश हैं। आगे की पढ़ाई के लिए बच्चे समय पर स्कूल पहुंचेंगे। मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि दीपक करमाली, पंचायत समिति सदस्य किशोर बेदिया, प्रबंधन समिति अध्यक्ष रमेश बेदिया, सदस्य फूलचंद बेदिया, संयोजिका बीणा देवी, रोहित गोप, प्रभू दयाल बेदिया, जसमति देवी, विजय गंझू, शिक्षिका इंदू कुमारी,सोहामनि टुडू,अनिमा टोप्पो, अशोक कुमार सिंह, सूरज बेदिया, सुनील गंझू, सुनील बेदिया, अनुष्का कुमारी, रुबी कुमारी, वंदना कुमारी, मुस्कान कुमारी, अभ्यास बेदिया, आर्यन बेदिया, गणेश बेदिया, सहित छात्र – छात्राएं मौजूद थे।

## सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर करता रहूंगा प्रयास: शिवचंद्र प्रसाद



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कुशवाहा विकास समिति सह कुशवाहा भवन के नये सत्र 2025–27 के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण को लेकर मंगलवार को गोला रोड स्थित कुशवाहा भवन में समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के संरक्षक सदस्य रविकांत कुशवाहा, तुलसी प्रसाद कुशवाहा और उमेश चंद्रा ने नये सत्र के अध्यक्ष शिवचंद्र प्रसाद उर्फ शिवा, सचिव भीम प्रसाद कुशवाहा और कोषाध्यक्ष अनिल कुमार को प्रमाण पत्र देते हुए शपथ ग्रहण कराया। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष भोलानंद प्रसाद और सचिव राजकुमार कुशवाहा सहित समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। संरक्षक सदस्यों ने बताया कि नये सत्र के पदाधिकारियों का कार्यकाल एक अप्रैल से आरंभ होगा। शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए नये अध्यक्ष शिवचंद्र प्रसाद उर्फ शिवा ने समाज के लोगों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे सामाजिक उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। मौके पर रमेश प्रसाद कुशवाहा, टीसी बॉबी, संदीप कुमार, चमन महतो, विक्रम कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, जानकी महतो, बसंत कुशवाहा सहित कुशवाहा समाज के कई लोग शामिल थे।

## रोड सेल सिरका में टकराहट बढ़ी, दो पक्ष आमने-सामने, दिन-भर रही तनातनी

**गिद्दी/सिरका (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कोलयरी सिरका के रोड सेल में मंगलवार को दो पक्ष आमने सामने होने की बातें लगातार चर्चा में है। जानकारी के मुताबिक रामगढ़ एसडीओ के द्वारा जांच के आदेश आने के बाद इस प्रकार का नजारा दिखायी दे रहा है। इसमें रोड सेल से जुड़े लोग व गाड़ी लगवाने वाले आमने–सामने हैं। सूत्र बताते हैं कि एसडीओ आदेश आने के बाद एक पक्ष ने रोड सेल का खर्चा देने पर अंकुश लगा दिया है। जिसके कारण दूसरा पक्ष आक्रोश में आ गया है। चर्चा में है कि कांटा घर में गाड़ियों के वजन करने से रोकने को लेकर एक पक्ष सामने आया था। लेकिन दूसरे पक्ष ने गाड़ियों को कांटे पर चढ़ाया। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष में तनातनी बढ़ गयी है। वहीं इसे लेकर प्रबंधन ने अभी तक कुछ भी नहीं बताया है। सूत्र बताते हैं कि रोड सेल मामले में अवैध उगाही को लेकर सीओ ने शिकायत कर्ता पक्ष को तलब किया था।

## दो सीसीएलकर्मियों को बनाया बंधक

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना के सयाल फिल्टर प्लांट में बीते सोमवार की रात्रि करीब एग्यारह बजे आठ से दस की संख्या में पहुंचे चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। मिली जानकारी अनुसार चोरों ने पहले रात्रि पाली में ड्यूटी कर रहे दो सीसीएल कर्मी रामजतन बैठा और बुदू घांसी को हथियार के बल पर बंधक बनाकर फिल्टर प्लांट में पहले से रखे किमती केबूल और सिलिंग पंखा और एक हाउस पाइप और सीसीएल कर्मी के जेब में पड़े कुछ पैसे को छीनकर फरार हो गये। चोरी के घटना के उपरांत चोरों ने दोनों सीसीएल कर्मियों को शोर या हल्ला मचाने पर जान से मारने की धमकी दी उसके बाद ही चोरों ने सीसीएल की लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर आसानी से चलते बने। वहीं इस मामले कि जानकारी कर्मियों ने अपने आला अधिकारी को दी। जिसपर सीनियर अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए मामले को मंगलवार को भुरकुंडा ओपी में लिखित सूचना दिलवायी गयी। वहीं इस चोरी मामले में भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता ने बताया कि चोरी की घटना के संबंध में थाने को शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। जल्द ही सभी चोरों को पकड़ लिया जायेगा।

### पुलिस ने किया चर्चित अंकित हत्याकांड का खुलासा

# शर्मिंदा होने के कारण सुशांत ने दोस्तों के साथ मार डाला : एएसपी

**इस घटना में उपयोग किये गये चाकू और लाठी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** पुलिस ने शहर के चर्चित अंकित हत्याकांड में एक बड़ा खुलासा किया है। सदर थाना में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर एएसपी अभियान ऋतिक श्रीवास्तव ने बताया कि घर वालों और दोस्तों द्वारा बार-बार मार खाकर लौट आने की बात से शर्मिंदा होने के कारण सुशांत अन्य साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी सुशांत समेत पांच नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में उपयोग किये गये चाकू और लाठी को भी बरामद कर लिया है। एएसपी ने बताया कि बीते 20 मार्च की रात 8 बजे शहर के मेन रोड स्थित जामा मस्जिद के समीप मारपीट में घायल हो गया था। रांची रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। इस घटना के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय द्वारा एएसपी अभियान ऋतिक श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया था। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। एएसपी ने बताया कि पुछताछ के दौरान सुशांत ने पुलिस को बताया कि सरस्वती पूजा के दिन मृतक अंकित समेत अन्य लोगों द्वारा उसके साथ मारपीट की गयी थी। घरवालों और दोस्तों द्वारा बार-बार मार खाने की बात कहकर शर्मिंदा किया जा रहा था। जिसके कारण वह अन्य साथियों के साथ इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार पांच नामजद अभियुक्तों में सुरेश साव का तीन पुत्र सुशांत कुमार, 19 वर्ष, सुमित कुमार 20 वर्ष और सौरभ कुमार 21 वर्ष के अलावा स्व मनोज साव का 20 वर्षीय पुत्र मिलेश साव और सदर थाना क्षेत्र के डाढ़ा गांव निवासी राजकुमार साव का 19 वर्षीय पुत्र विष्णु कुमार शामिल है। एएसपी अभियान ने स्पष्ट कर दिया कि इस घटना का मुख्य अभियुक्त सुशांत है। इस घटना में सौरभ सहयोगी रहा है। जबकि घटना के बाद इस घटना का मास्टरमाइंड सौरभ के नाम की चर्चा चल रही थी। मृतक के परिजनों द्वारा थाना में दिये गये आवेदन में दस लोगों को नामजद आरोपी बताया गया है। उन्होंने कहा कि अंकित गुप्ता के जामा मस्जिद के पास होने की सूचना सुशांत समेत अन्य साथियों को रितिक द्वारा दिया गया था। रितिक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। एएसपी ने कहा कि शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि मिलेश कुमार का आपराधिक इतिहास है। इस छापामारी दल में एएसपी अभियान के अलावा, सदर एसडीपीओ संदीप सुमन, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा, सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार, सदर थाना के अवर निरीक्षक कुमार गौतम, मनीष कुमार और अभय कुमार समेत सदर थाना के जवान शामिल थे।

## ट्रैक्टर की ट्रॉली पलटने से मजदूर की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लावालौंग /चतरा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कटिया पंचायत के रतनाग सरहचिया गांव निवासी दिलीप महतो, पिता सगनु महतो उम्र 25 वर्ष की मौत ट्रैक्टर पलटने से हो गयी। ट्रैक्टर से बालू लाने के लिए मानत नदी गया हुआ था। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर का ट्राली में लगा चक्का का बैरिंग खराब था। जिसे नदी के बाहर गाड़ी खड़ा करके उसे दुरुस्त करने के लिए जैक लगाया गया था। इस दौरान जैक फिसल जाने से ट्रॉली गिर गया और मजदूर ट्रॉली से दब गया। जिससे मौके पर ही मजदूर की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पिछले 15 दिनों पूर्व भी अवैध बालू खाली कर वापस लौटने के क्रम में ट्रैक्टर की चपेट में आने से हेडूम गांव निवासी राजेश यादव के पांच वर्षीय पुत्री अमीषा कुमारी की मौत हो गयी थी। ज्ञात हो कि लावालौंग के मानत नदी से अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। प्रशासन की नजर से बचने के लिए अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर का आवागमन तेज गति से हो रहा है। जिसके कारण मजदूर या स्थानीय ग्रामीण की मौत हो रही है। लेकिन इस पर प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है।

## चोरी का लैपटॉप बेचने पहुंचे दो नाबालिग धराये

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एसपी अजय कुमार को सोमवार को गुप्त सूचना मिली थी कि दो नाबालिक बच्चे चोरी का लैपटॉप बेचने के लिए कोठार पुल के पास आए हैं। जिन्हें कुछ लोगों द्वारा पकड़ कर रखा गया है। सूचना पर एसपी ने रामगढ़ थाना प्रभारी और भुरकुंडा ओपी प्रभारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सूचना पाकर रामगढ़ थाना प्रभारी और भुरकुंडा ओपी प्रभारी कोठार पुल पहुंचे और दो नाबालिग बच्चों को चोरी के लैपटॉप के साथ पकड़ा।

## एसकेबी के प्रदूषण पर रोक को लेकर डीसी को दिया आवेदन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** प्रदूषण प्रभावित समिति, मुरपा बस्ती के बैनर तले ग्रामीणों ने एसकेबी प्लांट, मुरपा के खिलाफ रामगढ़ डीसी को आवेदन दिया है। जिसमें लिखा है कि प्लांट में कार्य के दौरान होने वाले प्रदूषण से ग्रामीण काफी परेशान है। प्लांट के कार्य के दौरान एक प्रकार की ब्लास्टिंग किया जाता है। जिससे ध्वनि प्रदुषण, वायु प्रदुषण से लोगो में बहरापन की शिकायत हो गया। जबकि छात्र-छात्राओं को ध्वनि प्रदूषण की वजह से पठन-पाठन के कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने डीसी से जल्द से जल्द एसकेबी प्लांट के खिलाफ कार्रवाई करके परेशानी से निजात दिलाने का मांग किया है। आवेदन देने वालो में मुखिया ललिता देवी, उप मुखिया कुमारी नीलम, पंसस रेखा देवी, अशोक कुमार, बादल महतो, फिरंगी महतो, टेकलाल महतो, रॉकी कुमार, ओमप्रकाश पटेल, हरि पटेल, प्रदीप महतो, रामलाल मांझी, राजू करमाली, कृष्णा महतो, मीनाक्षी देवी, प्रमिला देवी, शांति देवी, संजू देवी, अनिता देवी, नसीम अंसारी, महेश रंजन, कुलदीप महतो, राजू महतो आदि शामिल है।

## रामभक्तों ने निकाला भव्य मंगला जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोयलांचल में मंगलवार को रामभक्तों द्वारा भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। इसमें सैंकड़ों महिला-पुरूष महावीरी पताकों के साथ ढ़ोल-नगाड़ों के बीच नाचते गाते शामिल हुए। इस दौरान जय-जय श्री राम, जय हनुमान सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। भुरकुंडा रामनवमी मैदान से रामभक्तों ने विशाल मंगला जुलूस निकाला। जुलूस बिरसा चौक, जनता टॉकीज, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भुरकुंडा थाना चौक पहुंचा। यहां रामभक्तों ने एकजुटता का परिचय देते हुए अस्त्र-शस्त्र का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर जय श्री राम, जय हनुमान आदि भक्ति जयकारों से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। भक्तों द्वारा लगाए जा रहे आराध्य देवी-देवताओं के उद्घोषो से पूरा भुरकुंडा कोयलांचल गूंजायमान होता रहा। मंगला जुलूस में दुर्गापूर से आये राजु हलचल की भगवान श्रीराम-जानकी, लक्ष्मण व हनुमान जी की झांकी सहित हटिया रांची के मुन्ना लोहरा द्वारा मुख्यमंत्री के हमशक्ल स्वरूप की प्रस्तुति, पतरातु बजरंग दल के उदय के द्वारा नरेन्द्र मोदी का स्वरूप आकर्षक का केंद्र रहा। इधर जुलूस में शामिल राम भक्तों के लिए समाजसेवियों द्वारा भुरकुंडा बाजार में स्टॉल लगाकर गुड़-चना और ठंडे पानी की व्यवस्था की गयी थी। वहीं भुरकुंडा थाना चौक स्थित काली मंदिर प्रगांण में काली मंदिर पूजा समिति के द्वारा पप्पू सिंह के नेतृत्व में शरबत और खिचड़ी का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में काली पूजा समिति के पप्पू सिंह, प्रभास दास, उदय स्वर्णकार, कामेश्वर मेहता, घनश्याम पासवान, जसवंत शर्मा, आकाश दास, अशोक मिश्रा, रोशन सोनी, पिंकू सिन्हा, अनिल पासवान, शंभू दुबे, शेखर सिंह, दीपेश साहू, विजय पासवान सहित कई लोगों का योगदान रहा। मंगला जुलूस के शोभा यात्रा में बतौर अतिथि पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, भैरव सिंह, अमन कुमार, हिन्दू रक्षा दल के दीपक मिश्रा, बजरंग दल के हजारीबाग संयोजक संजय चौबे, दीपक मिश्रा, हजारीबाग के धर्म प्रचारक रोशन लाल शामिल रहे।

## भू-माफिया और झारखंड प्रशासन के खिलाफ धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** गांव गणराज्य संगठन, महिला मुक्ति संघर्ष समिति और युवा चेतना मंच द्वारा भू माफिया और झारखंड प्रशासन के विरुद्ध हंटरगंज प्रखण्ड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। सबसे पहले प्रदर्शनकारियों ने पानी टंकी से जन आक्रोश रैली निकाली गयी, जो बाजार होते हुए हंटरगंज प्रखंड कार्यालय पहुंचकर अंचल अधिकारी के समक्ष अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन पत्र सौंपा। पत्र सौंपने के बाद प्रदर्शनकारियों ने हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के समक्ष झारखंड प्रशासन और भू माफियाओं के विरुद्ध जम कर नारेबाजी की। सभी लोगों ने पत्र के माध्यम से खुंटी केवाल कला गांव के लगभग 105 एकड़ जमीन को विवाद मुक्त करने की मांग की है, ताकि बिना भय के उक्त भूमि पर लोग अपना स्वामित्व कायम रख सके।

## डीसी ने किया मूवेबल सोलर पंपसेट का वितरण

**अधिक से अधिक किसान इस योजना के लाभ प्राप्त करें: डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** किसान समृद्धि योजना के तहत डीसी चंदन कुमार ने कृषकों को 2एचपी एसी और 2एचपी डीसी मूवेबल सोलर पम्पसेट के वितरण के माध्यम से योजना का सांकेतिक शुभारंभ किया गया। जिला समाहरणालय परिसर में वितरण किये जाने वाले मूवेबल सोलर पम्पसेट का डेमोंस्ट्रेशन भी किया गया। डीसी ने सोलर पम्पसेट के परिचालन की जानकारी लिया। इस पर इंडिकॉम एग्रो इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि के द्वारा सोलर पम्पसेट के परिचालन की विधि बतायी गयी। साथ ही उनके द्वारा बताया गया की कृषक इसका उपयोग अन्य विद्युत चलित कृषि यंत्रो के लिए भी कर सकते है, जिससे ग्रिड आधारित बिजली पर निर्भरता कम होगी।

**अधिक से अधिक किसान इस योजना के लाभ प्राप्त करें: डीसी:** डीसी ने इसे कृषको के लिए अत्यधिक उपयोगी बताते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसान इस योजना के लाभ प्राप्त करें। परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा बताया गया की इस योजना के तहत प्राप्त कुल लक्ष्य 191 के विरुद्ध कुल 150 कार्यादेश निर्गत किया गया है। पीएम-कुसुम योजना के तहत भी कृषको को सोलर पम्पसेट का वितरण किया जा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में 1202 आवेदन को स्वीकृत किया गया है, जिसमे से लगभग 1100 सोलर पम्पसेट का अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया गया है। साथ ही इस वित्तीय वर्ष कुल 465 ऑनलाइन आवेदनों को स्वीकृत किया गया है। इस मौके पर उप परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़, लाभुक कृषक, रामगढ़ प्रखंड के दोहकातु पंचायत की मुखिया और कर्मीगण उपस्थित हुए।

## विधायक ममता देवी ने मंत्री योगेंद्र महतो से की मुलाकात



**नहीं होगी पेयजल की समस्या, विशेष टीम करेगी काम : योगेंद्र महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी ने मंगलवार को झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री योगेंद्र महतो से मुलाकात कर क्षेत्र में उत्पन्न पेयजल संकट के समाधान हेतु चर्चा की। विधायक ममता देवी ने मंत्री को अवगत कराया कि रामगढ़ जिले के विभिन्न गांवों एवं शहरी इलाकों में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। गर्मी के मौसम में जलस्तर नीचे चला जाता है, जिससे कई क्षेत्रों में हैंडपंप और जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। आम जनता को पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। मंत्री योगेंद्र महतो ने विधायक ममता देवी की चिंताओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि विभाग जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठायेगा। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीम भेजी जायेगी, साथ ही दीर्घकालिक समाधान के लिए नयी जल योजनाओं पर भी काम किया जायेगा। विधायक ममता देवी ने मंत्री से अनुरोध किया कि जल संकट से निपटने के लिए अतिरिक्त टैंकर सेवा उपलब्ध करायी जाये, नये जल स्त्रोत विकसित किये जायें और पाइपलाइन विस्तार की योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाये।

## सड़क हादसे में दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** रामगढ़ बोकारो एन एच 23 चक्रवाली के समीप मंगलवार की शाम को हुई सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। एनएच के एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को रेफर किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि रोला गांव निवासी देवेंद्र ठाकुर अपने पुत्र प्रवीण कुमार के साथ अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर पटवार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने दोनों को चपेट में ले लिया।


**सार्वजनिक अधिसूचना**

**रेलवे सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व सर्किल दिनांक 27.03.2025 को रांची मंडल के परबाटोनिया-ओरगा स्टेशनों के बीच नवनिर्मित दोहरी लाइन का निरीक्षण करेंगे**

एतदद्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व सर्किल, कोलकाता **दिनांक 27.03.2025 को** रांची मंडल के परबाटोनिया-ओरगा स्टेशनों के बीच नवनिर्मित दोहरी लाइन का उद्घाटन हेतु निरीक्षण करेंगे। **दिनांक 27.03.2025 को** इंस्पेक्शन स्पेशल, मोटर ट्रॉली, पुश ट्रॉली आदि द्वारा आवश्यक निरीक्षण किया जाएगा तथा इंस्पेक्शन स्पेशल द्वारा स्पीड ट्रायल किया जाएगा।

सड़क उपयोगकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों और अन्य उपयोगकर्ताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना को ध्यान में रखें और लाइन पार करते समय पर्याप्त सुरक्षा सावधानी बरतें और अतिक्रमण से बचें।

(PR-1272) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), गार्डन रीच

दक्षिण पूर्व रेलवे

*मुस्कान के साथ सेवा*

**सूचना**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पतरातू में RBSK Mobile Health Team के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक वाहन चालक, मालिक अपनी निविदा एवं गाड़ी के कागजात के साथ एक सप्ताह के अंदर रजिस्टर डाक, कोरियर अथवा हाथों–हाथ कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगें

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पतरातू।
(रामगढ़।)

**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय
सुश्री साक्या कौशर
सिविल जज जूनियर डिवीजन
नगर उंटारी
O.S.-75/2023
सीताराम महरा वगै० ......
वादीगण बनाम्

1. उपायुक्त महोदय, गढ़वा पोस्ट + थाना + जिला - गढ़वा
2. अंचल पदाधिकारी भवनाथपुर पोस्ट+थाना-भवनाथपुर, जिला-गढ़वा
3. सर्वेकम बन्दोबस्त पदाधिकारी गढ़वा सह मेदिनीनगर, पलामू पोस्ट थाना-मेदिनीनगर, जिला-गढ़वा

चूं वजरिय इस नोटिश से आप लोगो को सूचित करना है कि आपलोगो के विरुद्ध मेरे न्यायालय में औरिजनल सूट नं0 75/2023 लम्बित है। जिसमें अपलोगो की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप दिनांक 28/04/2025 समय 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी।

आज दिनांक 17/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से निर्गत

हस्ताक्षर
सिवील जज जूनियर डिवीजन
नगर उंटारी

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। (1) **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-साउथ-24-25-59, दिनांक: 24.03.2025।** **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण)/ चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन राजखरसावां-पदापहाड़, पदापहाड़-जारोली, पदापहाड़-बोलानीखदान, जीएक्स प्रमुख खंड में विभिन्न यार्डों की विभिन्न लूप लाइन में 15.176 टीकिमी. के लिए सम्पूर्ण ट्रैक नवीकरण {सीटीआर (एस)}। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,95,35,659.04। **बयाना राशि:** ₹ 2,97,700। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0। **खुलने की तारीख:** 16.04.2025। (2) **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-सेंट्रल-24-25-60, दिनांक: 21.03.2025।** **कार्य का नाम:** (i) करमपादु स्टेशन से एमबीआर साइडिंग के टेकऑफ पॉइंट के नियंत्रण के सम्बन्ध में एमबीआर बिल्डिंग का निर्माण कार्य। (ii) बिमलगढ़ जंक्शन- सी एंड डब्ल्यू स्टोर तथा स्टाफ रूम सहित एग्जामिनेशन सुविधाओं में रोलिंग का प्रावधान तथा (iii) रिले रूम- 3.6 x 3.1 वर्गमी., आईपीएस रूम- 2.5 x 3.1 वर्गमी. तथा बैटरी रूम- 1.8 x 3.1 वर्ग मी. के लिए अभियांत्रिकी कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 78,10,902.78। **बयाना राशि:** ₹ 1,56,200। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0। **खुलने की तारीख:** 15.04.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)।

(PR-1270)

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# हंसी में उड़ायें

स्टैंडअप कमीडियन कुणाल कामरा के शो के बाद जिस तरह से गुस्साये शिवसैनिकों ने आयोजनस्थल में तोड़-फोड़ मचायी और उन्हें धमकियां दे रहे हैं, वह न केवल कानून-व्यवस्था के हालात पर प्रतिकूल टिप्पणी है, बल्कि हास्य-व्यंग्य को बर्दाश्त करने की राजनीति की क्षमता पर भी सवाल उठाता है। अफसोस की बात है कि देश में ऐसे मामले बढ़ते जा रहे हैं, जिनमें आहत होती भावनाएं अभिव्यक्ति की आजादी पर भारी पड़ जाती हैं।

**दोनों पक्षों पर एफआइआर :** जहां तक मुंबई पुलिस की इस घटना पर प्रतिक्रिया का सवाल है, तो यह अच्छी बात है कि उसने दोनों पक्षों की शिकायतों पर ध्यान दिया है। कमीडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है तो तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ भी एफआइआर दर्ज की गयी है। लेकिन यह पहला ही कदम है। आगे उसकी जांच किस तरह से आगे बढ़ती है और दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई कैसी दिशा लेती है, यह देखना बाकी है।

**कॉमिडी क्लब बंद :** इस पूरे प्रकरण का एक निराशाजनक नतीजा मुंबई के खार स्थित हैबिटेट कॉमिडी क्लब बंद किये जाने की घोषणा के रूप में सामने आया। क्लब के मालिकों के मुताबिक, जब भी किसी शो को लेकर विवाद होता है, तो उन्हें टारगेट किया जाने लगता है। हालांकि शो के दौरान जो भी परफॉरमेंस होती है, उसके कंटेंट से उनका कोई लेना-देना नहीं होता। बहरहाल, इस तरह के क्लब का बंद होना कला और संस्कृति की उन्नत चेतना के लिए जाने जाने वाले महाराष्ट्र जैसे राज्य की छवि के लिए नुकसानदेह है।

> **मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले में शो के कंटेंट पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि राज्य में कॉमिडी करने की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कई कुछ भी बोले।**

**कानून करे अपना काम :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले में शो के कंटेंट पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि राज्य में कॉमिडी करने की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कई कुछ भी बोले। इसमें दो राय नहीं कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी आती है। और हर कोई अपने बोले शब्दों के लिए कानून के आगे जिम्मेदार है। लेकिन क्या यह जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए किसी ग्रुप को कानून अपने हाथ में लेने दिया जायेगा?

**हंसी-मजाक की बात :** खबरों के मुताबिक, इस शो में निशाना महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री और शिवसेना के लीडर एकनाथ शिंदे को बनाया गया था। शो में कही गयी बातों से सहमत होना कतई जरूरी नहीं है। लेकिन आखिरकार वह एक हंसी-मजाक का शो था और उसे इसी नजर से देखा जाना चाहिए।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**ट्रंप प्रशासन द्वारा फिर से टैरिफ लगाने के साथ, व्यापार युद्धों का दूसरा युग हमारे सामने है। चाहे पारस्परिक हो या सभी टैरिफ, व्यापार युद्ध विश्व व्यापार को बहुत ज्यादा बाधित करेंगे। व्यापार युद्ध अब सिर्फ. बिक्री की वस्तुओं के बारे में नहीं रह गये हैं। वे प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और औद्योगिक नीति जैसे कारकों को प्रभावित करते हैं। देश ऊर्जा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्योगों में संरक्षणवाद और क्षमताओं का निर्माण करने का सहारा ले रहे हैं। डब्ल्यूटीओ के अधर में लटके होने के साथ, देश द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यापार समझौतों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।**

# विश्व को नया आकार देनेवाले भू-राजनीतिक रूझानों से निपटना



**अमिताभ कांत**



ट्रंप प्रशासन अपने दूसरे कार्यकाल में टैरिफ और अमेरिका को फिर से महान बनाने की नीतियों पर दोगुना जोर दे रहा है। ट्रंप प्रशासन अतीत के गठबंधनों को फिर से परिभाषित और पुनर्लेखन करने का काम भी कर रहा है, जिसकी गूंज यूरोप और एशिया में उनके सहयोगियों द्वारा महसूस की जा रही है। इन कदमों का उद्देश्य व्यापार संतुलन में सुधार और सार्वजनिक व्यय को कम करके अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। अमेरिका ने पेरिस समझौते व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से खुद को अलग कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आइसीजे) से भी वह पहले ही अलग हो चुका है। ये कदम वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में एक शून्य पैदा कर रहे हैं। यह शून्य लंबे समय तक नहीं रहेगा-इसे प्रतिस्पर्धी शक्तियों द्वारा भरा जायेगा। अमेरिका सबसे शक्तिशाली बना हुआ है और हम एक बार फिर एक बहुध्रुवीय दुनिया का उदय देख रहे हैं। विखंडित वैश्वीकरण, तकनीकी वर्चस्व की लड़ाई, ऊर्जा की भू-राजनीति और ढहता वैश्विक शासन विश्व को नया आकार देने वाले प्रमुख भू-राजनीतिक रुझान हैं जिनसे भारत को निपटना होगा।

**वैश्वीकरण का विखंडन :** जैसा कि हम जानते हैं, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के युग में हमने जो वैश्वीकरण का युग देखा था, वह समाप्त होने वाला है। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से हमने वैश्वीकरण का विखंडन देखा है। व्यापार युद्धों ने इस विखंडन को और तेज कर दिया है। कोविड-19 महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारी व्यवधान पैदा किया और इसके फलस्वरूप देशों और व्यवसायों को वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने के लिए प्रेरित किया।

> **भारत उभर रहा है और वैश्विक मंच पर एक व्यावहारिक नेता के रूप में अपनी स्थिति बना रहा है।**

ट्रंप प्रशासन द्वारा फिर से टैरिफ लगाने के साथ, व्यापार युद्धों का दूसरा युग हमारे सामने है। चाहे पारस्परिक हो या सभी टैरिफ, व्यापार युद्ध विश्व व्यापार को बहुत ज्यादा बाधित करेंगे। व्यापार युद्ध अब सिर्फ. बिक्री की वस्तुओं के बारे में नहीं रह गये हैं। वे प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और औद्योगिक नीति जैसे कारकों को प्रभावित करते हैं। देश ऊर्जा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्योगों में संरक्षणवाद और क्षमताओं का निर्माण करने का सहारा ले रहे हैं। डब्ल्यूटीओ के अधर में लटके होने के साथ, देश द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यापार समझौतों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। फ्रेंड-शोरिंग का उदय और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने का लक्ष्य भारत के लिए अवसर प्रस्तुत करता है। हम सही नीतियों, रणनीतिक द्विपक्षीय व्यापार सौदों और व्यापार सुगमता पर ध्यान केंद्रित करके विनिर्माण के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर सकते हैं।

**प्रौद्योगिकी : वैश्विक शक्ति के लिए युद्ध का मैदान :** प्रथम औद्योगिक क्रांति से लेकर चौथी तक वैश्विक शक्ति गतिशीलता को आकार देने में प्रौद्योगिकी प्रमुख प्रेरक शक्ति रही है। आज के युग में सेमीकंडेक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) और उभरती हुई प्रौद्योगिकियां प्रमुख प्रेरक शक्ति हैं। राष्ट्र तकनीकी संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए चिप निर्माण में अरबों रुपये डाल रहे हैं। एआइ में देशों और कंपनियों से समान रूप से बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। साथ ही, साइबर युद्ध और एआइ द्वारा उत्पन्न जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

साइबर युद्ध पूरे ऊर्जा ग्रिड को बाधित कर सकता है या भुगतान और बैंकिंग प्रणालियों को प्रभावित कर सकता है। एआइ द्वारा संचालित भ्रामक सूचना चुनावों को बाधित कर सकते हैं और सामाजिक कलह को जन्म दे सकते हैं। एआइ को दुनिया भर के समुदायों द्वारा आकार दिया जाना चाहिए, स्वामित्व में लिया जाना चाहिए और तैनात किया जाना चाहिए। हमें कुशलता से नवाचार करना चाहिए, कम से कम में अधिक करना चाहिए, ओपन सोर्स और सरल इंजीनियरिंग को बढ़ावा देना चाहिए और बहुभाषी और मल्टीमॉडल मॉडल बनाना चाहिए। वैश्विक समुदाय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी, नुकसान को सीमित करते हुए समावेशी हो। भारत मॉडल, जिसमें प्रौद्योगिकी का उपयोग विभाजन को बढ़ाने के बजाय उसे पाटने के लिए किया जाता है, दुनिया के लिए एक आदर्श हो सकता है।

**ऊर्जा की भू-राजनीति और ऊर्जा परिवर्तन :** स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव शक्ति गतिशीलता को फिर से परिभाषित कर रहा है। महत्वपूर्ण खनिजों (लिथियम, कोबाल्ट, दुर्लभ मृदा तत्वों) से समृद्ध राष्ट्र या इन महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को नियंत्रित करने वाले देश अधिक प्रभावशाली बन रहे हैं। आज, लगभग 70-80 प्रतिशत दुर्लभ मृदा तत्वों (आरइइ) निष्कर्षण और प्रसंस्करण चीन द्वारा नियंत्रित किया जाता है। दुनिया के 80 प्रतिशत सौर सेल चीन द्वारा उत्पादित किये जाते हैं और इसी तरह लगभग 70 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी भी चीन द्वारा उत्पादित की जाती हैं।

चीन पहले से ही तकनीकी अपनाने के मामले में आगे है। ट्रंप प्रशासन के तहत अमेरिका पेरिस समझौते से बाहर हो गया है और इसके बजाय वह जीवाश्म ईंधन विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है। विकसित राष्ट्र पहले ही वैश्विक कार्बन बजट का 80 प्रतिशत हिस्सा खर्च कर चुके हैं और जी7 देशों से कोयले का चरणबद्ध तरीके से उन्मूलन अब 2030 के बजाय 2035 तक होगा। इसके अलावा, विकसित राष्ट्र विकासशील देशों को जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने की अपनी जिम्मेदारी में विफल हो रहे हैं। इससे विकासशील देशों के लिए अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुत कम जगह बचती है।

स्वच्छ ऊर्जा की ओर हमारी दौड़ को वैश्विक गठबंधनों के नये रूपों की आवश्यकता है। देशों को अगली पीढ़ी के सौर पैनल, इलेक्ट्रोलाइजर और वैकल्पिक सेल केमिस्ट्री (एसीसी) बैटरी जैसी तकनीक पर सहयोग करना चाहिए। भारत को निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अपने घरेलू इकोसिस्टम का निर्माण जारी रखना चाहिए। हमें प्रसंस्करण और शोधन के लिए क्षमताओं का विकास करते हुए महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापार साझेदारी भी सुरक्षित करनी चाहिए।

**बढ़ते वैश्विक संघर्ष के बीच ढहता वैश्विक शासन :** ऐसे समय में जब वैश्विक सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है, हमारे पास जो संरचनाएं हैं, वे विफल हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र अपनी प्रासंगिकता बनाये रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। वैश्विक तापमान पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस के सीमा को पार कर चुका है। ग्लोबल साउथ, अपने प्रतिनिधित्व और अपनी प्राथमिकताओं दोनों के मामले में हाशिये पर है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गतिरोध बना हुआ है, विश्व व्यापार संगठन में विवाद समाधान तंत्र का अभाव है और कॉप29 बहुत जरूरी जलवायु वित्त पोषण प्रदान करने में विफल रहा है। यूक्रेन से लेकर गाजा और सूडान तक, दुनिया भर में संघर्ष बढ़ रहा है। जैसा कि पीएम मोदी ने बार-बार कहा है, जलवायु परिवर्तन, महामारी और वित्तीय अस्थिरता की आज की चुनौतियां राष्ट्रीय सीमाओं को नहीं देखती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि हम पुरानी संस्थाओं के साथ 21वीं सदी की चुनौतियों से नहीं लड़ सकते। एक नये वैश्विक शासन ढांचे की आवश्यकता है जो ग्लोबल साउथ को अपने केंद्र में रखे और यह स्वीकार करे कि दुनिया अब कुछ चुनिंदा शक्तियों का क्षेत्र नहीं है। यह क्षण भारत के लिए एक वैकल्पिक वैश्विक आर्थिक मॉडल को आकार देने और अधिक समावेशी अंतरराष्ट्रीय प्रणाली की वकालत करने का एक अवसर है।

आने वाला दशक वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था के भविष्य को आकार देगा। भारत उभर रहा है और वैश्विक मंच पर एक व्यावहारिक नेता के रूप में अपनी स्थिति बना रहा है। हम ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को सामने ला रहे हैं, जबकि वैश्विक संघर्ष पर एक समझौतावादी रुख अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री का हालिया बयान कि हमें मतभेद के बजाय संवाद पर जोर देना चाहिए, ने वैश्विक स्तर पर एक गूंज पैदा की है। भारत का कूटनीतिक संतुलन इस युग की एक परिभाषित विशेषता बन रहा है।

**(लेखक : भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीइओ हैं। व्यक्त किये गये विचार व्यक्तिगत हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सदन कुमार ठाकुर के आवेदन पर लिया स्वत: संज्ञान



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों बाल मजदूर मुक्ति सेवा संस्थान के मुख्य संयोजक सदन कुमार ठाकुर ने भारत सरकार से राष्ट्रीय नशापान निषेध अधिनियम,18वां 1919 को पूरे देश में सख्ती से लागू करने की मांग की ।उन्होंने सरकार से नशापान को नियंत्रित करने के लिए एक लाइसेंस प्रणाली अनिवार्य करने के लिए अनुरोध किया था ।ताकि सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो और नशा करने वालों का उचित आंकड़ा उपलब्ध हो सके ।संयोजक सदन कुमार ठाकुर द्वारा किये गये आवेदन पर सोमवार को भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने स्वत: संज्ञान में लेते मामला को पीआईएल में कंवर्ट कर दिया। श्री ठाकुर ने बताया बीते 15-16 वर्षों से सामाजिक स्तर पर विभिन्न मुद्दों में बाल मजदूरी, बाल विवाह,अवैध शिशु व्यापार एवं नशा मुक्ति के खिलाफ संघर्षरत हैं। इस संबंध में भारत सरकार एवं विभिन्न मंत्रालयों को पत्राचार करते रहे। लेकिन अभी तक इस गंभीर सामाजिक समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे नशे का अवैध व्यापार धड़ल्ले से जारी है ।समाज में अपराध भी बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा यदि सरकार नशापान के लिए लाइसेंस प्रणाली लागू करती है तो इससे युवाओं एवं बच्चों में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा।

### बीडीओ कार्यालय की चल संपत्तियों की नीलामी का आदेश

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला सिविल कोर्ट के सिविल जज आशीष अग्रवाल की अदालत ने मनरेगा मजदूर चांद मुनि मुंडारी को उनकी बकाया मजदूरी राशि 73,000 का भुगतान नहीं होने पर सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने सरायकेला प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय की चल संपत्तियों को जब्त कर उनकी नीलामी करने का आदेश दिया है, ताकि मजदूर को उसका बकाया भुगतान किया जा सके। यह मामला वर्ष 2005-06 का है, जिसमें मजदूर को उसकी मेहनताना राशि नहीं मिली थी। अदालत के आदेश के अनुपालन में मंगलवार को न्यायालय कर्मियों ने न्याय नाजीर गोविंद कुमार के नेतृत्व में बीडीओ कार्यालय पहुंचकर वहां की चल संपत्तियों को सील किया और उन्हें जब्त कर लिया।

### देश के 78 लाख पेंशनभोगियों की लंबित चार सूत्री मांग को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय संघर्ष समिति इपीएस 95 पेंशनर के एक प्रतिनिधि मंडल ने साकची स्थित भविष्य निधि भवन के समक्ष अपनी मांगों को लेकर दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। मंगलवार को प्रतिनिधि मंडल ने विरोध प्रदर्शन के बाद कमिश्नर को 4 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर राष्ट्रीय संघर्ष समिति के सचिव कालीपदो सुई ने बताया चार सूत्री मांग को लेकर देशभर में ईपीएफओ कार्यालयों के समक्ष ध्यानाकर्षण आंदोलन जारी है। मंगलवार को जमशेदपुर के साकची स्थित भविष्य निधि भवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा झारखण्ड में 8 लाख और देश भर में 78 लाख पेंशनर है। संगठन देश भर में 78 लाख इपीएस-95 पेंशनभोगियों के हित में न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी, उच्च पेंशन का लाभ, चिकित्सा सुविधा एवं वंचित पेंशनरों के लिए वित्तीय सहायता जैसे लंबित मुद्दों की शीघ्र समाधान की मांग करती है। उन्होंने कहा कोश्यारी समिति (राज्यसभा पिटीशन 147) की सिफारिशों में बताया गया न्यूनतम पेंशन को 1000 से बढ़ाकर 7500 प्लस महंगाई भत्ता किया जाये। पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाये। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार सभी पेंशनरों को उच्च पेंशन का समान रूप से लाभ और इपीएस-95 के वंचित पेंशनरों को 5000 मासिक पेंशन दी जाये। इसके लिए केंद्र सरकार ने कई बार-बार आश्वासन दिया। लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। समिति ने बताया बीते 9 वर्षों से 27 राज्यों में संगठन संघर्षरत है। लगातार सड़क से संसद तक आवाज उठा रही है।



श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कई बार पेंशन वृद्धि का आश्वासन दिया। श्रम मंत्रालय और वित्त मंत्रालय में बैठकें भी हुईं। लेकिन अभी तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। उन्होंने कहा पेंशनरों की आर्थिक बदहाली और लगातार बढ़ती मृत्यु दर को देखते हुए समिति अब आंदोलन को तेज करने के लिए बाध्य होंगे। समिति ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति को पत्र भेजकर अनुरोध किया है वे 78 लाख वृद्ध पेंशनरों की पीड़ा को समझें और तुरंत न्यूनतम पेंशन 7500 सहित डीए की घोषणा करें।

### आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 17 की पूर्व पार्षद को मिला अंगदान का प्रमाणपत्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला के आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 17 की निवर्तमान पार्षद नीतू शर्मा को मंगलवार को जमशेदपुर सिविल सर्जन डॉक्टर साहिल पॉल ने भारत सरकार द्वारा जारी प्रमाण पत्र एवं आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) प्रदान किया। यह कार्ड वैसे लोगों को जारी किया जाता है जिन्होंने अपना अंगदान किया है। मालूम हो कि श्रीमती नीतू शर्मा ने पार्षद रहते 27 अगस्त 2022 को एमजीएम मेडिकल कॉलेज को अपना अंगदान किया था। इसके साथ ही उन्होंने अंगदान करनेवाली पहली जनप्रतिनिधि बनने का कीर्तिमान भी अपने नाम दर्ज किया है। इस दौरान सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने श्रीमती शर्मा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सिविल सर्जन डॉ शाहिर पॉल ने बताया कि एक जनप्रतिनिधि होकर अंगदान करना अपने आपमें साहसिक कदम है। श्रीमती नीतू शर्मा ने आम लोगों के लिए एक नजीर पेश किया है। इससे कई लोगों को प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर डॉ जोगेश्वर प्रसाद, कैलाश पाठक आदि मौजूद थे।

### न्यू बारीडीह श्रीश्री नुकलम्मा मंदिर में भव्य उत्सव का आयोजन 27 से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के न्यू बारीडीह श्री श्री नुकलम्मा (शीतला माता) मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति तीन दिवसीय भव्य उत्सव का विशाल आयोजन किया जायेगा। मंगलवार को मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वाइ आनंद राव ने बताया न्यू बाडीडीह में शीतला मंदिर का स्थापना 60 वर्ष पूर्व (1965) में हुई थी। उस समय से प्रत्येक वर्ष में तीन दिवसीय भव्य पूजा का आयोजन निरंतर जारी है। श्री राव ने कहा इस वर्ष भी आगामी 27 मार्च से 29 मार्च तक समिति के द्वारा श्री श्री नुकलम्मा मंदिर प्रांगण में भव्य उत्सव मनाया जायेगा। पहला दिन यानी आगामी




गुरुवार को न्यू बारीडीह दुर्गा पूजा मैदान गणपति होम, गणपति पूजा,पुण्यहवाचनम, दीक्षाधारणा, माता का श्रृंगार, अंकुरारोपण, मंडपाराधना, अष्टोत्तर सहस्त्रनाम पूजा, कपूर्रा निरांजनम, मंत्रपुष्पम के बाद प्रसाद का वितरण किया जायेगा। मौके पर जयती शांता, बीवीएस सुप्रिया, बीवीएस दीप्ति और बी स्वाति के नेतृत मे बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन की जायेगी। दूसरे दिन 28 मार्च (शुक्रवार) को सुबह बारीडीह शिव मंदिर के कुएं से 108 महिलाएं बैंड पार्टी के साथ कलश माथा में लेकर मंदिर तक यात्रा में शामिल होंगे। उसके बाद अष्टोत्तरशत कलशाभिषेकम, अष्टोत्तर सहस्त्रनाम पूजा, कपूर्रा निरांजनम, मंत्रपुष्पम और प्रसाद वितरण होगा। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उसके बाद नवग्रह मृत्युंजय होमम, श्रीसूक्त होमम होगा। मां का श्रृंगार, हल्दी कुमकुम यात्रा एवं आराधना होगी। उसके बाद प्रसाद का वितरण होगा। वही संध्या बेला में जीवन लाल एंड टीम द्वारा भजन प्रस्तुत की जायेगी। मंगल आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जायेगा। तीसरे दिन 29 मार्च को श्रीदेवी पंचामृत अभिषेकम, आवाहित सर्व देवता पुनः पूजा, आवाहित सर्व देवता होमम, महापूर्णाहुति, मंडप उद्वासना, महाभोग वितरण, ज्योतिलिंर्गार्चना, सर्वदर्शन होगा। उसके बाद कलात्रेया संस्था के कोरियोग्राफर गोल्ड मेडलिस्ट सोनाली चटर्जी एवं सचिव डॉ. तापस चटर्जी के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य एवं संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। वही चित्रांकन एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। रात्रि 8:00 बजे मां नुकलम्मा की शोभायात्रा आतिशबाजी के साथ निकाली जायेगी। जो टिनप्लेट आंध्र समिति बागुनहातु, बारीडीह, टिनप्लेट, नामदा बस्ती, नीलडीह की ओर प्रस्थान करेगी। 30 मार्च (रविवार) को सुबह उगादी (तेलुगु नव वर्ष) का आयोजन किया जायेगा।

### शुरू हुआ आदिवासी अस्मिता बचाने का अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के नेतृत्व में संथाल परगना में शुरू हुआ आदिवासी अस्मिता बचाने का अभियान अप्रैल में कोल्हान में शुरू होगा। पूर्व सीएम द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठियों तथा धर्मांतरण के खिलाफ शुरू किया गया यह अभियान लगातार चर्चा में है। इस विषय पर मंगलवार को कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों से आए आदिवासी समाज के मानकी-मुंडाओं के साथ पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन की बैठक हुई। बैठक के दौरान घुसपैठियों, धर्मांतरण समेत आदिवासी समाज से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों तथा उनसे निपटने की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस संबंध में जानकारी देते हुए



चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड का आदिवासी समाज आज दोतरफा चुनौतियों से घिरा हुआ है। एक तरफ बांग्लादेशी घुसपैठिए भूमिपुत्रों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, हमारी बेटियों से शादी कर सामाजिक ताने-बाने को तहस-नहस कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर तेजी से बढ़ रहे धर्मांतरण की वजह से सरना आदिवासी समाज का अस्तित्व ही संकट में आ चुका है इस सामाजिक संघर्ष को तेज करने का संकल्प दोहराते हुए उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन करने वालों तथा दूसरे धर्म में शादी करने वालों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि अगले महीने से पोड़ाहाट (प. सिंहभूम) समेत कोल्हान के कई क्षेत्रों में आदिवासी समाज की अस्मिता एवं अस्तित्व की रक्षा हेतु अभियान शुरू होगा।

## उपायुक्त को मांग पत्र देकर रामनवमी पूजा में डीजे बजाने की अनुमति मांगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सरकार द्वारा डीजे साउंड बजाने पर रोक के विरोध में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम गढ़वा उपायुक्त को मांग पत्र देकर रामनवमी पूजा जन्मोत्सव में डीजे बजाने की अनुमति देने के लिए आग्रह किया।

आग्रह करते हुए कहा कि सभी अखाड़ों के बीच में संशय बना हुआ है। डीजे बजाने के लिए अविलंब अपने स्तर से डीजे बजाने की अनुमति दें। अगर अनुमति नहीं दिया जाता है तो भाजपा नगर मंडल गढ़वा इसका घोर विरोध करेगी और उग्र आंदोलन करेगी। मौके पर उपस्थित मदन मोहन गुप्ता विधायक प्रतिनिधि डॉ सत्येंद्र प्रसाद सोनी मनोज महतो सुरेश अग्रवाल विशाल गुप्ता, अभिषेक कश्यप, ज़िला आईटी सेल संतोष कश्यप, राकेश शंकर गुप्ता मंडल महामंत्री और अन्य उपस्थित थे।

## कल्याण गुरुकुल से प्रशिक्षण के बाद 13 छात्रों को बैंगलोर में मिली नौकरी



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 13 छात्रों को बैंगलोर स्थित शोभा कंपनी में नौकरी मिली है। इन छात्रों को गुरुकुल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजी राम और कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृजकिशोर ने छात्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कम पढ़े-लिखे युवाओं को हुनरमंद और दक्ष बनाना है। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृजकिशोर ने बताया कि यह 47वां बैच है, जो प्रशिक्षण प्राप्त कर नौकरी के लिए बाहर जा रहा है। अब तक इस गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1350 छात्र अन्य राज्यों में काम कर रहे हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति अब पहले से बेहतर हो गयी है। इस कार्यक्रम में ट्रेनर शशिकांत दुबे, गौतम पांडेय, एमई नसरीन बानो, आरएस पाठक, निरंजन पाठक सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरण सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सरकारी मान्यता प्राप्त बीरबल गांव स्थित निजी विद्यालय ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में एक से लेकर नवम वर्ग तक के छात्रों के बीच वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया। परीक्षाफल पाकर विद्यालय के बच्चे खूसी से झूम उठे इस अवसर पर भारी संख्या में अभिभावक के साथ विद्यालय परिवार के लोग उपस्थित थे। परीक्षा फल वितरण के उपरांत विद्यालय के प्रबंधक महताब आलम प्रधानाचार्य बेबी खातून के द्वारा सभी उतीर्ण बच्चो के भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस पिछड़े क्षेत्र के लोगों में शिक्षा के प्रति कितने सजग हैं की अपने-अपने बच्चों के साथ भारी संख्या में उपस्थित होकर विद्यालय परिवार के मनोबल को बढ़ाने का काम किया है। प्रबंधक महताब आलम ने कहा कि हमारे विद्यालय में सरकारी गाइड लाइन के साथ गुणवता पूर्ण शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। इस समय हमारे विद्यालय में प्ले से ग्रुप से नामांकन की प्रक्रिया चल रहा है, जिसमें भारी संख्या में नामांकन करने वाले अभिभावक विद्यालय पहुंचकर नामांकन करवा रहे है। इस मौके पर अन्य के अलावा विद्यालय के शिक्षको में योगेंद्र कुमार यादव, राम विनय यादव, सुनील कुमार यादव, विकास ठाकुर, अजय यादव, शाहिद, महेश्वर, बिरेंद्र यादव उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम-पत्र के साथ पैरेंट्स मीटिंग का भी आयोजन किया गया। कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक पढ़ रहे बच्चों के अभिभावक अपने-अपने बच्चों का रिजल्ट देखकर अत्यंत प्रसन्न हुए। इस वर्ष भी बच्चों का परीक्षा-परिणाम शत प्रतिशत रहा। पी टीएम के दौरान बच्चों के द्वारा बनाये गये कैलिग्राफी तथा मॉडल्स की प्रदर्शनी भी लगायी गयी। कहा जाता है कि मेहनत का फल मीठा होता है। यहां के बच्चे अपनी मेहनत, लगन एवं आत्मविश्वास के बल पर अपने भविष्य को निखार रहे है। इस वर्ष का परीणाम अत्यंत ही संतोषजनक जनक रहा। अभिभावक गोष्ठी के दौरान अभिभावकों ने बिद्यालय के खूबियों की भरपूर प्रशंसा की। इस दौरान सभी शिक्षक मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के संचालन के लिए बैठक आयोजित

गढ़वा (आजाद सिपाही)। मंगलवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में कार्यालय वेश्म में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कनेक्शन के संचालन हेतु एसओपी के तहत जिला संबंध में उज्ज्वला समिति की बैठक की गयी। इस बैठक में नोडल ऑफिसर (पीएमयू) गढ़वा दिलीप कुमार कौशिक (आइओसीएल) ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के परिपत्र के अनुसार, पीएमयूवाई कनेक्शनों से निपटने के तौर-तरीकों को समझाया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत जो लाभुक गैस कनेक्शन के बाद अभी तक कोई रिफिल नहीं लिए है, उन्हें 15 दिनों के अंदर अपनी गैस वितरक के यहां ई-केवाइसी कराना अनिवार्य है। इसके लिए सभी ऐसे लाभुकों को ऑयल मार्केटिंग कंपनी (ओएमसी) दूसरा अपने-अपने लाभुकों को नोटिस भेजे जायेंगे। लाभुकों द्वारा ई-केवाइसी नहीं किये जाने पर उनका गैस कनेक्शन हटा दिया जायेगा।

## शपथ पत्र

**शपथ पत्र के अनुसार दिनांक तारीख: 26/03/2025**

**'नाम परिवर्तन हेतु सार्वजनिक सूचना'**

**मैं, निभा कुमारी, पुत्री श्री विजय नारायण शर्मा, यह घोषणा करती हूं कि मैंने अपने नाम में परिवर्तन किया है। अब से मेरा नया नाम 'कुमारी निभा' होगा। भविष्य में मुझे सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी दस्तावेजों में 'कुमारी निभा' नाम से जाना जाएगा। संबंधित सभी को सूचित किया जाता है कि वे इस परिवर्तन को संज्ञान में लें।**

**'निभा कुमारी'**
**(अब 'कुमारी निभा')**
**पुत्री श्री विजय नारायण शर्मा**

# 12 हजार रिश्वत लेते मनरेगा बीपीओ रंगेहाथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** रमना भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गढ़वा जिले के रमना प्रखंड से मनरेगा बीपीओ प्रभु कुमार को 12 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बीपीओ ने डोभा निर्माण कार्य शुरू करने और उपयोगिता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के एवज में 12 हजार रुपये की मांग की थी।

**क्या है पूरा मामला :** हरादाग कला निवासी सह पारा शिक्षक शिव शंकर राम की शिकायत के बाद एसीबी ने मनरेगा बीपीओ प्रभु कुमार को गिरफ्तार किया है। आजाद सिपाही से बात करते हुए शिवशंकर राम ने बताया कि, मेरी मां जितनी देवी के नाम से डोभा निर्माण कार्य मिला था। जिसे शुरू करने और उपयोगिता प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर करने के एवज में बीपीओ प्रभु कुमार ने 12 हजार रुपये की मांग की थी। रिश्वत देने में सक्षम नहीं होने के कारण उन्होंने एसीबी से इसकी शिकायत की। मालूम हो कि ठीक दो वर्ष पूर्व हरादाग कला निवासी बिगु चौधरी के शिकायत के बाद स्थानीय मुखिया प्रमिला देवी और पति बृजलाल विश्वकर्मा को भी एसीबी ने गिरफ्तार किया था।

# शिक्षकों पर दूसरी कक्षा के छात्रों से सर और पैर दबवाने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड के बेलपहाडी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षक बबन सिंह तथा धीरेंद्र पाल पर कक्षा दो के छात्र से दो घंटे तक कमरे में बंद कर सिर, पैर दबवाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़ित छात्र के पिता अकरम अंसारी ने मंगलवार की सुबह ग्रामीणों के साथ विद्यालय पहुंचकर एचएम से शिकायत करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को उप्रम विद्यालय बेलपहाड़ी में दोपहर में करीब ढाई बजे छुट्टी के बाद सरकारी शिक्षक बबन सिंह तथा सहयोगी शिक्षक धीरेन्द्र पाल ने कक्षा दो के छात्र आलिशान कुमार को घर जाने से रोकते हुए एक कमरा में ले गये। जहां कमरा बंद कर उसे दो घंटे तक रखा और सीर, पैर दबवाया। कहा कि किसी को नहीं बताना, मिठाई खिलायेंगे। छात्र करीब दो घंटे तक अकेले और असहाय महसूस कर दोनों शिक्षकों का सिर और पैर दबाते रहा।

घर पहुंचकर छात्र ने अपनी आपबीती सुनायी, जिसके बाद परिजन आक्रोशित हो गये, लेकिन विद्यालय बंद हो चुका था। मंगलवार को अकरम अंसारी समेत अन्य ग्रामीणों के साथ विद्यालय पहुंचकर प्रधानाध्यापक एखलाक अंसारी से घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की। उसने बताया कि यह पहली घटना नहीं है, इसके पहले भी दो बार घटित हुआ है। चौथी कक्षा के छात्र शाहिल कुमार, शौमी अख्तर ने बताया कि सोमवार को शिक्षक बबन सिंह, धीरेंद्र पाल ने आलिशान कुमार से बंद कमरे में सिर, पैर दबवाया था तथा गंदी गंदी गालियां दे रहे थे, हमलोग खिड़की से झांक कर देखें थे। इस संबंध में प्रधानाध्यापक एखलाक अंसारी ने बताया बबन सिंह का आचरण ठीक नहीं है। विभाग को लिखित मौखिक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं किया।

## अलग-अलग दुर्घटना में तीन गंभीर रूप से घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरवा गांव के समीप हुई बाईक दुर्घटना में रोहतास के तीउरा परछा निवासी ललिता देवी पति रामकिशून साह और उसका भाई दीपक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। उक्त दोनों का सीएचसी भवनाथपुर में प्राथमिक ईलाज के बाद गंभीर रूप से घायल दीपक कुमार को बेहतर ईलाज हेतु गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि ललिता देवी परछा अपने घर से नाव द्वारा सोन नदी पार कर अपने भाई दीपक के बाईक पर बैठकर अपनी मायके पाचाडूमर जा रही थी, इसी दौरान खैरवा गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य बाईक से उनकी बाईक की सीधी टक्कर हो गयी, जिससे दोनों घायल हो गये। वहीं थाना क्षेत्र के बघमनवा निवासी हसनैन अंसारी पिता कुर्बान अंसारी ने अपनी पत्नी के साथ लड़ाई झगड़ा कर सोमवार की शाम कीटनाशक दवा खाकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ईलाज हेतु स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। हसनैन अंसारी कुछ दिनों पूर्व कमाकर घर वापस आया हुआ था, जहां सोमवार की शाम किसी बात को लेकर दोनों पति पत्नी के बीच कहा सुनी हो गयी थी।**


## श्रमिकों को चिकित्सा सहायता योजना और मातृत्व प्रसुविधा योजना को लेकर बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार की अध्यक्षता में सीएस कार्यालय में श्रम अधीक्षक संजय आनंद ने चिकित्सकों के साथ एक बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य झारखंड भवन और अन्य सन्निर्माण और कर्मकार बोर्ड अंतर्गत निबंधित श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी और उन में सुधार हेतु सुझाव प्राप्त करना था। बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक संजय आनंद ने बताया कि चिकित्सा सहायता योजना के तहत डॉक्टर द्वारा दिये गये बेड रेस्ट के आधार पर श्रमिकों को अधिकतम 40 दिनों की मजदूरी का भुगतान किया जा सकता है। इसके अलावा चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों की स्थिति में जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर श्रमिकों के रोग की स्थिति के अनुसार अधिकतम ढाई लाख रुपये तक की राशि सहायता के रूप में प्रदान की जा सकती है। महिला श्रमिकों के लिए संचलित योजनाओं पर विशेष चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रथम दो प्रसूति अवस्थाओं में महिला श्रमिकों को पंद्रह हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने चिकित्सकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उनके सकारात्मक प्रयास से इस संख्या में और भी अधिक इजाफा हो सकता है। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने सभी चिकित्सकों की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और शीघ्र और सही पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सभी चिकित्सा प्रभारी और अन्य गण्यमान्य उपस्थित थे।

# प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया





आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित +2 उच्च विद्यालय कांडी की भूमि को अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर दुकानें लगायी गयी थीं। इस मामले को लेकर करीब पंद्रह दिन पूर्व अंचल के सरकारी अमीन द्वारा भूमि का सीमांकन कराया गया था। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने अतिक्रमणकारियों को कई बार गुमटी और दुकानें हटाने का निर्देश दिया, लेकिन आदेश का कोई प्रभाव नहीं दिखा। मंगलवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की।

प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय तथा कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। बुलडोजर की मदद से विद्यालय की भूमि पर अवैध रूप से रखे गुमटी और दुकानों को तोड़कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान अंचल और थाना की पुलिस बल तैनात रही। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने विद्यालय की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन का आभार जताया।

# विधायक अनंत देव ने विधानसभा में उठायी दो विद्यालयों के उत्क्रमण की मांग, ग्रामीणों में खुशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने प्राथमिक विद्यालय कवलदाग और मध्य विद्यालय मझिगावां पूर्व को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की मांग उठायी। विधायक ने सदन में कहा कि यदि इन विद्यालयों का उत्क्रमण किया जाता है, तो पोषक क्षेत्र के विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उन्हें काफी सहूलियत मिलेगी।

**ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की उम्मीद :** विधायक द्वारा सदन में इस मुद्दे को उठाये जाने पर मझिगावां पंचायत के लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मांग लंबे समय से की जा रही थी, लेकिन अब जाकर उसे विधानसभा में आवाज मिली है।


**कठिनाइयों का होगा समाधान**
प्राथमिक विद्यालय कवलदाग में पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है। इसके बाद छात्रों को पांच से सात किलोमीटर की दूरी तय कर मध्य विद्यालय में पढ़ने जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। वहीं, मझिगावां पूर्व का मध्य विद्यालय वर्षों से उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की राह देख रहा था। स्थानीय लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से इसकी मांग की, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा।

**छात्र-छात्राओं को मिलेगी राहत**
यह जानकर हैरानी होती है कि मझिगावां पूर्व के बाद बने कई विद्यालय पहले ही उच्च विद्यालय में उत्क्रमित हो गये थे, जबकि मझिगावां का विद्यालय अभी भी मध्य विद्यालय ही बना हुआ था। इसके चलते वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कांडी या हरिहरपुर जैसे दूरस्थ विद्यालयों में पढ़ाई के लिए जाना पड़ता था। यदि विधायक की यह मांग पूरी होती है, तो इससे विद्यार्थियों को उनके गांव में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी।

**ग्रामीणों ने जताया आभार**
विधानसभा में विधायक द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है कि अब उनके बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने विधायक अनंत प्रताप देव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

# सभी कार्यों को ससमय पूरा करें पदाधिकारी : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त -सह- अध्यक्ष शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समेकित बिरसा ग्राम विकास सह कृषक पाठशाला योजना अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा एवं विपत्र आदि के अनुमोदन हेतु जिला अनुश्रवण समिति की बैठक की गयी। बैठक में जिला में चल रहे दो कृषक पाठशाला क्रमशः प्रथम चरण में कृषक पाठशाला चामा मेराल और द्वितीय चरण में भवनाथपुर प्रखंड के बनसानी पंचायत के राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र में चल रहे कृषक पाठशाला के कार्यों की समीक्षा की गयी। इस योजना के अंतर्गत कृषक पाठशाला में विभिन्न प्रकार के कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यान विभाग की योजनाओं का समेकित प्रदर्शन किया जायेगा और इस पाठशाला के चारों ओर स्थित गांव को बिरसा ग्राम के रूप में विकसित किया जायेगा, जहां किसान इन पाठशालाओं से विभिन्न प्रकार की नयी कृषि तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और कृषक पाठशाला में आधुनिक तरीके से कृषि कार्यों को प्रत्यक्ष रूप में देख सकेंगे। इस योजना अंतर्गत 25 एकड़ में पौधारोपण, हाई वैल्यू क्रॉप और विभिन्न प्रकार की अन्य कार्य जैसे- बकरी पालन, मुर्गी पालन, सूअर पालन, मछली पालन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, कोल्ड स्टोरेज, और अन्य प्रकार के कार्य किये जायेंगे। उपायुक्त के द्वारा वहां कार्य कर रहे संस्थाओं को सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया और अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी को समय-समय पर चल रही योजना का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, जिला मत्स्य पदाधिकारी धनराज कापसे, जिला पशुपालन पदाधिकारी वीएस सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी गिरीश, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल गढ़वा प्रेमलाल सिंह एवं कार्य कर रहे संस्था के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉची।

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/140/2024-25 दिनांक– 25/03/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (LWE) खूँटपानी, प0 सिंहभूम में विभिन्न वर्कशॉप मे इन्डस्ट्रीयल वायरिंग एवं सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 63,86,809=00 | 10,000=00 | 1,28,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.04.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 09.04.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 15.04.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 16.04.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 349222 (Energy) 24-25 (D)

समाहरणालय, कोडरमा
(जिला खेल कार्यालय)
E-mail:-sportskoderma17@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के नियंत्रणाधीन कोडरमा जिले में संचालित ताईकवांडो डे–बोर्डिंग बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 29.03.2025 को संबंधित खेल विद्या के नाम के सामने अंकित स्थल में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना निर्धारित है।

| क्र0सं0 | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विद्या का नाम | प्रतिभा चयन का स्थल | वर्ग | संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक का नाम एवं दूरभाष संख्या | निर्धारित तिथि व समय | प्रतियोगिता के अनुश्रवन एवं पर्यवेक्षण हेतु प्रतिनियुक्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ताईकवांडो डे–बोर्डिंग बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, झुमरी तिलैया | ताईकवांडो | सी0डी0 बालिका उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया, कोडरमा | बालिका वर्ग | श्री अशोक कुमार मो0 नं0– 7004117632 | 29.03.2025 8:00 बजे पूर्वा0 से 4:00 बजे अपराहन तक। | श्री अशोक कुमार तुरी, खेल समन्वयक, कोडरमा मो नं0– 8210345455 |
| 2. | खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र, बागीटांड़ स्टेडियम, कोडरमा। | तीरंदाजी | इंडोर स्टेडियम बागीटांड, कोडरमा | बालक एवं बालिका | श्री मुकेश कुमार तुरी मो0 नं0– 7050355037 | | |

दिशा निर्देश :–

1. कोडरमा जिलान्तर्गत संचालित डे–बोर्डिंग एवं खेलो इंडिया क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में निर्धारित खिलाड़ियों की संख्या के अनुरूप रिक्त स्थानों को भरा जायेगा एवं प्रतिक्षा सूचि तैयार की जायेगी।
2. चयन मानक के आधार पर (बैटरी टेस्ट एवं स्कील टेस्ट) पर खिलाड़ियों का परीक्षण किया जायेगा एवं परीक्षण परिणामों के आधार पर प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जायेगा।
3. खिलाड़ी को झारखण्ड राज्य का निवासी होनी अनिवार्य होगा।
4. डे–बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र में नामांकण हेतु 1 अप्रैल 2025 को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली होगी एवं 16 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो। (मान्य जन्म प्रमाण–पत्र/आधार कार्ड एवं दो पासपोट साईज रंगीन फोटोग्राफ के साथ स्कूल का बोनाफाईड प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा)
5. खेलो इंडिया क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में नामांकण हेतु 1 अप्रैल 2025 को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली होगी एवं 16 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो। (मान्य जन्म प्रमाण–पत्र/आधार कार्ड एवं दो पासपोट साईज रंगीन फोटोग्राफ के साथ स्कूल का बोनाफाईड प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा)
6. मेडिकल फिटनेस– खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में फीट होने पर ही नामांकन किया जायेगा।
7. खिलाड़ी को माता/पिता/अभिभावक का सहमति पत्र (Consent Letter) प्रस्तुत करना होगा।
8. उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु उपरोक्त संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक के मोबाईल नं0 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 349217 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 24-25 (D)

## वेतन भुगतान को लेकर शिक्षा मंत्री से मिला झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ नवनियुक्त पीजीटी एवं प्रयोगशाला सहायकों के वेतन भुगतान को लेकर गंभीर है। इस मामले को लेकर संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर ने मंगलवार को झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन तथा माध्यमिक शिक्षा निदेशक राकेश प्रसाद से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। मौके पर श्री ठाकुर ने नवनियुक्त पीजीटी तथा प्रयोगशाला सहायकों के समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि पिछले 9 महीने से वेतन भुगतान नहीं होने कर्मियों की आर्थिक स्थिति चरमरा गयी है तथा कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा आश्वासन दिया गया कि बकाया वेतन हर हाल में अप्रैल महीने तक भुगतान कर दिया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि विभागीय एवं जिला कार्यालयों की शिथिलता के कारण नवनियुक्त पीजीटी तथा प्रयोगशाला सहायकों के साथ पुराने पीजीटी का वेतन भुगतान सच समय नहीं हो पता है इसको लेकर शिक्षकों मे रोष है। लोहरदगा जिले में आवंटन के अभाव में फरवरी महीने का भुगतान अधिकांश पीजीटी शिक्षकों को नहीं हो रहा है। जिससे उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। यदि विभाग इस पर ध्यान नहीं देता तो इसका असर शैक्षणिक व्यवस्था एवं शिक्षकों के मनोबल पर पड़ता है।

## सरकार साल में दो बार हर परिवार को दस रुपये में धोती-साड़ी देती है : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** खाद्य, सार्वजनिक, वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेश पर मंगलवार को नया नगर भवन, लोहरदगा में जिला आपूर्ति कार्यालय की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक ने कहा कि पहले हमारे देश में बहुत से ऐसे गरीबों की संख्या काफी अधिक थी जिन्हें राशन नहीं मिलता था। कई परिवारों का नाम खाद्य सुरक्षा योजनाओं में नहीं था। केंद्र सरकार लाल और पीला राशन कार्ड से राशन दे रही थी लेकिन अब तक कई परिवार वंचित थे। वर्तमान सरकार के पिछले कार्यकाल में मैंने बतौर विभागीय मंत्री रहते हुए हरा राशन कार्ड की योजना लायी जिससे छूटे हुए परिवार अच्छादित हुए। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत परिवार के प्रत्येक सदस्य को पांच किलो अनाज मिलता है। देश में अधिकतर राज्यों में सिर्फ अनाज दिया जाता है जबकि झारखंड में चावल, गेहूं, चना दाल भी दिया जाता है। मैनें सरकार को प्रति परिवार को सोयाबीन दिये जाने का भी प्रस्ताव दिया है। अगर यह योजना लागू हो जाती है तो प्रत्येक परिवार को चावल/ गेहूं, दाल और सोयाबीन के रूप में एक सब्जी मिल सकेगी। एक व्यक्ति को भोजन के साथ-साथ कपड़ों की भी आवश्यकता होती है। हमारी सरकार वर्ष में दो बार प्रति परिवार को धोती/ लुंगी और साड़ी उपलब्ध करा रही है। इसके लिए मात्र दस रुपए कार्डधारक से लिया जा रहा है। इतनी कम कीमत पर राज्य सरकार लोगों के तन ढंकने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समेत सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी मार्केटिंग अफसर, राशन डीलर व अन्य उपस्थित थे।



### जरूरतमंद लोग राशन कार्ड से अभी भी वंचितः रीना कुमारी

जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि अभी भी कई जरूरतमंद लोगों का राशन कार्ड नहीं बन पाया है। सरकार की ओर से सुविधा दी जा रही है लेकिन लोग वंचित हैं। सभी राशन डीलर ऐसे लोगों को खाद्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ें। उनकी समस्याओं का समाधान करें।

### रोटी, कपड़ा और मकान प्रशासन की प्राथमिकता : डीडीसी

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। अनाज और धोती/लुंगी व साड़ी आपूर्ति विभाग द्वारा दिया जा रहा है, वहीं, ग्रामीण विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना व अबुआ आवास योजना लोगों को दिया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त बनाना है।

## डीडीसी ने पीवीटीजी डाकिया योजना में छूटे लाभुकों के बीच शत-प्रतिशत खाद्य वितरण का दिया निर्देश



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की बैठक आयोजित हुई। बैठक में धान अधिप्राप्ति योजना 2024-25 की समीक्षा की गई जिसमें धान अधिप्राप्ति का 1.5 लाख का लक्ष्य है। जिसमे किसानों को प्रेरित करने की सलाह दी गयी है ताकि किसान दलालों के बीच न फंसकर सीधे अपना धान लैंप्स में जमा कर के बाजार के भाव से ज्यादा मुनाफा कमा सके। उप विकास द्वारा कहा गया कि जहां लैंप्स/ पैक्स ठीक से काम नही कर पा रहे उनपर कार्रवाई की जायेगी इसलिये वो लोग किसानों को मोटीवेट करें। जिला में एनएफएसए, हरा राशन कार्ड अंतर्गत प्राप्त खाद्यान्न, चना दाल का वितरण, एनएफएसए अंतर्गत राज्य में लोहरदगा जिला में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, प्रखंडों में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, प्राप्त आवंटन की स्थिति, पीवीटीजी डाकिया योजना से संबंधित लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण की स्थिति, चीनी/नमक वितरण, धोती/ लुंगी-साड़ी वितरण की समीक्षा की गयी। पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत छूटे हुए लाभुकों के बीच 100 प्रतिशत वितरण का निदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

## असगर खान ने किसानों के लिए मुआवजा मांगा

**तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई इससे खेत-बारी में खड़ी फसलें बर्बाद हो गयीं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड कांग्रेस कमिट के अध्यक्ष असगर खान ने बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान हुए फसलों की मुआवजा देने की कोई प्रशासनिक पहल अबतक नहीं होने पर चिंता जतायी है। असगर खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा हैं कि बीते गुरुवार और शुक्रवार को भारी बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों का खेत और बारी में लगे टमाटर, लशुन, आलु, गेहूं, चना, बटुरा, राहड़, सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। दो दिनों तक आंधी, तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई इससे खेत बारी में तैयार खड़ी फसलें काफी बर्बाद हो गया है। प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों गांव के किसानों से लगातार शिकायत मिल रही है कि उनकी सौ प्रतिशत फसल खराब हो गयी।

रवि फसल के लिए सालभर किसान इंतजार करते हैं लेकिन तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल पूरी तरह चौपट हो गया है। किसान पहले से ही आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं और अब इस प्राकृतिक आपदा की वजह से किसानों की कमर टूट गयी है। नुकसान हुए किसानों की फसलों का जल्द से जल्द सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की व आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी से की है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** रांची लोहरदगा मुख्य पथ के पझरी गांव के समीप मंगलवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो बाइक सवार व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया जिसे इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। घायल की पहचान भरनो प्रखंड के खरखा गांव निवासी भुईंद्र सिंह के 42 वर्षीय पुत्र राजदीप सिंह व बेड़ो गड़गाव निवासी 46 वर्षीय योगी सिंह के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मंगलवार को राजदीप सिंह व उनके मामा योगी सिंह घर से अपनी बाइक से अपने घर खरखा लौट रहा था। तभी रांची लोहरदगा मुख्य मार्ग के पझरी गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह घायल हो गया। 108 वाहन से घायल को इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया।

## प्रखंड प्रशासन सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख बरिया देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मनरेगा, अबुआ आवास, पीएम आवास, कल्याण, पशुपालन, कृषि, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा सहित सभी विभाग के अधिकारी शामिल हुए। मौके पर प्रखंड प्रमुख बरिया देवी द्वारा सभी विभाग से क्रमवार रूप से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से राशन कार्डधारियों का इ-केवाइसी कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही बाल विकास योजना द्वारा संचालित मातृत्व वंदना, सावित्रीबाइ फुले समृद्धि योजना के लक्ष्य को अविलंब पूरा करने, लंबित अबुआ आवास, पीएम आवास योजना को पूर्ण करते हुए अभिलेख बंद करने का निर्देश प्रखंड समन्वयक को दिया है। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ करने का निर्देश दिया है।

मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि प्रखंड प्रशासन सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। किसी भी क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ ग्रामीणों को मिलने में परेशानी होती है, तो उसकी सूचना अविलंब प्रखंड कार्यालय को देना सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराया जा सके। इस दौरान उन्होंने ओलावृष्टि से पीड़ित परिवार को मुआवजा हेतु आवेदन जमा होने की बात कही है।

## मुआवजा के लिए दिये आवेदनों का निष्पादन करें : सीओ



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी द्वारा प्रभारी कृषि पदाधिकारी, एटीएम और अंचल निरीक्षक तथा राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में ओलावृष्टि से प्रभावित नुकसान फसल का मुआवजा के लिये अंचल क्षेत्र के किसानों से आवेदन प्राप्त किया गया है। जिस पर अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने प्रभारी कृषि पदाधिकारी, एटीम, अंचल निरीक्षक और राजस्व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों को आपदा विभाग के निर्देशानुसार सूचीबद्ध ढंग से निर्गत करें, जिससे किसानों को ससमय मुवावजा की राशि मिल सके। साथ ही सभी प्राप्त आवेदनों को आपदा प्रबंधन विभाग को शीघ्र अग्रसारित करने का भी निर्देश दिया गया। अंचल कार्यालय सेन्हा और सभी पंचायत भवनों में जनसेवकों द्वारा शिविर आयोजन कर ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों से आवेदन प्राप्त किया जा रहा। वही अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया की ओलावृष्टि से प्रभावित सभी किसानों को सरकार से लाभ मिल सके तथा फसल बीमा कराये हुए सभी किसान 14447 टॉल फ्री नंबर में कॉल कर मुआवजा के लिये सीधा संपर्क करने के लिये अनुरोध किया गया है। मौके पर प्रभारी कृषि पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, सीआइ मोदस्सर हुसैन, एटीएम सुमन कुमार, राजस्व कर्मचारी नितशिखा तिर्की समेत अन्य उपस्थित थे।

## भंडरा में आगामी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए मंगलवार को भंडरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि 31 को ईद है, इसमें ईदगाह और मस्जिद में नमाज पढ़ी जायेगी। सरहुल में 31 को उपवास, 1 अप्रैल को झखरा में पूजा किया जायेगा। झखरा के बाद गांव के पाहन घर घर जाकर फूलखोसी करते है और 3 अप्रैल को शोभा यात्रा निकाली जायेगी। सभी गांव से 24 खोड़हा शोभा यात्रा के रुप में गाजा बाजा के साथ भंडरा आते है और यहां मिलन होने के बाद सभी शाम में अपने अपने घर लौटेंगे। रामनवमी 6 अप्रैल को है, इस दिन भंडरा में भव्य मेला का आयोजन किया जायेगा। मेला में 32 अखाड़ा के अखाड़ेधारी झंडा लेकर नाचते गाते हुए आते है। भंडरा मेला परिसर में झंडा मिलन होता है साथ ही रामनवमी मेला लगता है। रामनवमी और सरहुल जुलूस के दौरान बैरिकेडिंग, आवागमन का रुट डाइवर्ट, अतिरिक्त पुलिस बल, चिकित्सा व्यवस्था,महिला पुलिस बल सहित अन्य सुविधा का मांग की गयी। प्रशासन द्वारा बताया गया कि जुलूस पूर्व में तय मार्ग से निकलेगा, वाहन और साउंड से संबंधित व्यक्ति का पूरा विवरण थाना में उपलब्ध कराये। जुलूस तय समय पर निकले जिससे समस्त आयोजन समय पर पूर्ण हो। 4 और 6 अप्रैल को रुट डाइवर्ट करने की बात कही। मौके इंस्पेक्टर सुधीर प्रसाद,प्रमुख बरिया देवी बीडीओ प्रतिमा कुमारी सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह,मुखिया सुमित उरांव, परमेश्वर महली, कइली उरांव, सुमन्ति तिग्गा, ईश्वरी मोहन शर्मा,किस्सा साहू, आफताब आलम, परवेज अंसारी, शशिकांत उरांव, बालकृष्णा सिंह,हुमन साहू, बबलू उरांव मोहन उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## समाजसेवी रवि कुमार डे ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र

## सिविल सर्जन के कार्यकाल की जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार के समाजसेवी रवि कुमार डे ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी को लातेहार जिले के स्वास्थ्य विभाग की अनियमितता और भ्रष्टाचार को लेकर एक पत्र लिखा है जिसमें श्री डे ने कहा है कि झारखंड प्रदेश में लातेहार जिला तो खनन के क्षेत्र में परिपूर्ण है। परंतु पठारी बहुल क्षेत्र होने के कारण अत्यंत पिछड़ा उपेक्षा का शिकार है। वर्तमान समय में झारखंड के सभी जिलों में लातेहार जिले का स्वास्थ्य सुविधा बिल्कुल लचर गयी है। साथ ही साथ जिले के अंदर स्वास्थ्य विभाग से गरीब असहाय मरीजों का इलाज भगवान भरोसे चल रहा है वही दूसरी ओर लापरवाह और निरंकुश सिविल सर्जन लातेहार जिले के स्वास्थ्य सुविधा को अनदेखी करते नजर आ रहे हैं। श्री डे ने पत्र के माध्यम से झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री को कहा है कि लातेहार जिले के वर्तमान सिविल सर्जन के द्वारा कैल्शियम कार्बोनेट की टेबलेट खरीदारी में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। राज्य से निर्देश दिया गया था कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में दवा की खरीदारी तीन महीने के स्तर में करना है। परंतु कमीशन खोरी के चक्कर में सिविल सर्जन लातेहार 86 लाख टैबलेट खरीदारी कर लिये है। वही लातेहार सदर अस्पताल समेत पूरे जिले के चिकित्सा व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गयी है। लाचारी में लातेहार जिले के मरीज निजी अस्पतालों में इलाज करने के लिए जाते हैं उसमें भी जानलेवा चिकित्सकों का सामना करना पड़ता है। सभी अस्पतालों में केवल प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया जाता है। वहीं देखा जा रहा है कि लातेहार जिले के अंदर जितने भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं उनमें अंगद की तरह 10, 15 वर्षों से लिपिक अपना प्रभाव दिखाकर पैर जमाये हुए हैं। जिसमें लातेहार सदर अस्पताल में लिपिक का काम कर रहे संजय सिन्हा को पूर्व में घूस लेते हुए एसीबी की टीम ने पड़कर जेल भेज दिया था। जेल जाने के बाद संजय कुमार सिन्हा आज भी लातेहार सदर अस्पताल में उसी स्थान पर कार्य कर रहे हैं। वही श्री डे ने कहा कि संजय सिन्हा सिविल सर्जन लातेहार के चहेते बताये जाते हैं। पत्र के माध्यम से श्री डे ने कहा है कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सिविल सर्जन कार्यालय से अगर सूचना मांगी जाती है तो सूचना उपलब्ध नहीं करायी जाती है। लातेहार जिले के सभी निजी अस्पतालों में गंभीर शिकायत सिविल सर्जन के पास पहुंचने पर सिविल सर्जन के द्वारा बड़ी लेन-देन कर मामले को रफा दफा भी कर दिया जाता है। वही श्री डे ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से कहां है कि लातेहार सिविल सर्जन की कार्यकाल को निष्पक्ष जांच करने पर भ्रष्टाचार से संबंधी कई सनसनीखेज मामला सामने आयेगा। इधर अनियमितता को लातेहार सिविल सर्जन से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि राज्य से जो निर्देश हुआ है उसे निर्देश से ही दवाइयां की खरीदारी हुई है। इस पर हमारा कुछ भी नहीं है रही बात किसी तरह की कुछ बात अगर होती है तो उसमें जांच करायी जायेगी।

## चित्र और कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित टाटा सिन्नी रिसकोर्स सेंटर में मंगलवार को छात्र छात्राओं को चित्र व कहानी के माध्यम से शिक्षा दिया गया। विद्यालय में वार्षिक परीक्षा संपन्न होने के पश्चात टाटा सिन्नी ट्रस्ट द्वारा कन्या मध्य विद्यालय में अध्ययनरत षष्ठ व सप्तम कक्षा के छात्र छात्राओं का पढ़ाई जारी रखने और सामान्य ज्ञान में रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को चित्र व कहानी के माध्यम से शिक्षा दिया गया। साथ ही सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी भी कराया गया। वही चित्र और कहानी के माध्यम से चित्र देखकर कहानी बनाना तथा दूरदर्शी यंत्र के बारे में टाटा सिन्नी ट्रस्ट के सीमा टोप्पो द्वारा विभिन्न तरह की जानकारी दी गयी। जिसे चित्र और कहानी के माध्यम से शिक्षा प्राप्ति के लिये काफी उत्सुक नजर आये। मौके पर वर्षा कुमारी, खुशबू कुमारी,आशीष राम, आलीशान अली,प्रिया कुमारी, संतोषी कुमारी, रोहित लहेरी, शीतल कुमारी, कुश बैठा,सौरभ राम, आयुष गोप समेत सैकडों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## दुर्जागीन महोत्सव को लेकर भक्ति जागरण का आयोजन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के प्राचीन पहाड़ी मंदिर परिसर में सोमवार की रात्रि एकदिवसीय दुर्जागीन महोत्सव को लेकर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरण का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, थाना प्रभारी राधेश्याम सिंह स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, यूथ कांग्रेस विजय बहादुर सिंह,विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू समेत अन्य अतिथियों के द्वारा सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। जागरण की शुरूआत प्रसिद्ध गायक मंटू निराला के द्वारा गणेश वंदना से की गयी। इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर मौजूद लोगों को भक्ति गीतों पर झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं इसके बाद गायिका पूजा समेत अन्य कलाकारों ने अपने भक्ति गीतों और झांकी से पूजा कार्यक्रम स्थल को भक्तिमय माहौल मे रम दिया। समिति के द्वारा कार्यक्रम में आए कलाकारों को अतिथियों के हाथों अंग वस्त्र भेंट कर-के सम्मानित कराया गया। इस दौरान मौके पर रेलवे क्लब महिला समिति के अध्यक्ष रेखा पाठक, निरंजन सिंह रणजीत सिंह राणा, बुधराम, विनोद पासवान, आरएन चौधरी, विकास कुमार पासवान विवेक पासवान आलोक मिश्रा, गौरव कुमार यादव, भोला कुमार, साहिल सिंह, अभिषेक कुमार पासवान समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रशासन हर मोर्चे पर लोगों के साथः सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा शांति समिति की बैठक आयोजित की है। जिसमे आस्था के महापर्व चैती छठ, ईद, सरहुल, रामनवमी, त्यौहार को लेकर बैठक आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंदवा के प्रबुद्धजन उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदवा के पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने किया। कार्यक्रम में अंचलअधिकारी जय शंकर पाठक, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद सहीत चंदवा प्रखंड के समाजसेवी राजनैतिक दल के प्रतिनिधी, मीडिया कर्मी मौजूद रहे। मौके पर मौजूद अंचलाधिकारी ने कहा की प्रशासन हर मोर्चे मे लोगो के साथ है। सभी को शांति पुर्वक पर्व को मनाने का संदेश दिये। मौके पर रामयस पाठक, हरी दुबे प्रमोद साहू, सतेन्द्र प्रसाद यादव, बाबर खान, फुलजेनसीया टोप्पो पंसस नीलम देवी, असगर खान, शीतमोहन मुंडा एवं सभी धर्मावलंबी मौजूद थे।

## 30 को जय श्रीराम समिति निकालेगी नववर्ष शोभा यात्रा

### बाबूलाल मरांडी, आदित्य साहू और प्रदीप वर्मा को शामिल होने का दिया न्योता

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** विश्व हिन्दू परिषद और जय श्री राम समिति ने आगामी नववर्ष प्रतिपदा को भव्य तरीके से मनाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दिया है। दोनो हिन्दू संगठनों ने इसको लेकर भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेताओं और सनातन धर्म से जुड़े लोगों को निमंत्रण देना शुरू कर दिया है। इस क्रम में मांडर विधानसभा प्रभारी भाजपा के रिपुसूदन साहू, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार तथा श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सेन्हा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ता नवल साहू ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा तथा भारतीय किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू से उनके आवास तथा कार्यालय में मिलकर 30 मार्च को श्रीराम समिति द्वारा आहुत नववर्ष शोभायात्रा तथा केंद्रीय महावीर मंडल के नेतृत्व में 7 अप्रैल को निकलनेवाली नववर्ष तथा रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। जिसमें उपरोक्त सभी भाजपा नेता ने कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आश्वासन दिया तथा बातचीत के क्रम में उन्होंने हम सभी से यह आशा व्यक्त किया कि लोहरदगा जिला में सभी हिंदू संगठन एक साथ मिलकर सनातन समाज को आगे बढ़ाने तथा मजबूती के लिये काम करेगी। उपरोक्त सभी ने अलग अलग विजन के साथ सनातन संगठनों के होने का उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला तथा हम सभी सनातन समाज के लोगों को धर्म के प्रति निःस्वार्थ समर्पित रहने तथा कार्य करने का आह्वाहन किया। उपरोक्त दायित्ववान जनप्रतिनिधियों से मिलकर विहिप अध्यक्ष रितेश कुमार तथा श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि हमें जिस विश्वास के साथ दायित्व मिली है। उसपर खरा उतरने का हर प्रयास करेंगे।

# 31 मार्च तक इ-केवाइसी नहीं करानेवाले लाभुकों का राशनकार्ड से हटेगा नाम

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत अच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत इ-केवाइसी आवश्यक : डीसी**

**उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता



जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते उपायुक्त शशि रंजन।

**मेदिनीनगर।** खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत इ-केवाइसी आवश्यक है। इ-केवाइसी पूर्ण कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित है। सभी गुलाबी और पीला राशनकार्डधारी लाभुक अपने नजदीकी डीलर से इ-केवाइसी करा लें।

निर्धारित तिथि तक इ-केवाइसी पूर्ण नहीं कराने वाले लाभुकों का नाम राशनकार्ड से विलोपित किया जायेगा। यह बातें पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे आज समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू सहित अन्य उपस्थित थे।

आपूर्ति विभाग, पलामू की ओर से पांच जागरूकता रथ का परिचालन किया जा रहा है। हरी झंडी दिखाये जाने के बाद से जागरूकता रथ के माध्यम से खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं अंतर्गत वितरित किये जा रहे खाद्यान्न/सामग्री की जानकारी दी जा रही है। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न गांवों में जाकर बैनर, पोस्टर-पंपलेट और माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने बताया कि मुख्य रूप से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना, मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, चीनी वितरण योजना आदि के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि छतरपुर एवं हुसैनाबाद में अनुमंडल स्तर पर एक-एक और सदर अनुमंडल क्षेत्र के लिए तीन जागरूकता रथों का परिचालन किया जा रहा है।

इ-केवाइसी को लेकर उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक इ-केवाईसी कराया जा रहा है। प्रवासी मजदूर/ लाभुक वर्तमान में जहां हैं, वहीं पर अपने किसी भी नजदीकी जन वितरण प्रणाली दुकानदार से इ-केवाईसी पूर्ण करा सकते हैं। इ-केवाइसी से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं शिकायत दर्ज कराने हेतु 1967/1800-212-5512 पर लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली से संपर्क कर सकते हैं।

# सांसद ने राधाकृष्ण मंदिर को प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने का मामला सदन में उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** लोकसभा में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड के ग्राम बभंडी में स्थित राधा कृष्ण मंदिर को प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने एवं राधा कृष्ण महोत्सव कराने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने संबंधी अतिमहत्वपूर्ण मामले को उठाया।

श्री राम ने कहा कि राधा कृष्ण मंदिर सरोवर के मध्य स्थित यह मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए गहरी धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था का केंद्र है। विदित है कि इस ऐतिहासिक मंदिर की स्थापना वर्ष 1930 में हुयी थी। पलामू के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रघुवंश नारायण सिंह एवं स्थानीय जिला प्रशासन के प्रयासों से इस मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है। इसके ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व को संरक्षित रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जिस प्रकार से श्री बंशीधर नगर महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित किया गया है, उसी प्रकार श्रद्धालुओं एवं इस क्षेत्र की स्थानीय जनता के द्वारा बभंडी में राधा कृष्ण महोत्सव का आयोजन कराने की मांग लगातार की जा रही है। इससे इस मंदिर को एक प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है और इसे श्री बंशीधर नगर मंदिर से जोड़कर एक व्यापक राधा कृष्ण धार्मिक पर्यटन सर्किट का हिस्सा बनाएं जाने की आवश्यकता है। इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिससे आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। सांसद ने कहा कि सदन के माध्यम से मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार से मॉग करता हूॅ कि केन्द्र सरकार की सांस्कृतिक एवं धरोहर संबंधी योजनाओं के तहत राधा कृष्ण महोत्सव को वित्तीय सहायता एवं आधिकारिक मान्यता प्रदान करने की कृपा की जाय। ताकि इस मंदिर को एक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

# बिजली की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत, शोक



**राजद के प्रदेश महासचिव ने अस्पताल पहुच कर परिजनों को ढांढस बंधाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरगड़ा में बिजली तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार झरगड़ा गांव निवासी 38 वर्षीय सुनील रजक घर से कुछ दूर गेंहू के फसल देखने गया था। जहां बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आनन फानन मे उसे अनुमंडलीय स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद लाया गया, लेकिन तब तक सुनील की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद हुसैनाबाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, मृतक के चार पुत्री व एक पुत्र है। मृतक अपने घर का एक मात्र कमाऊ सदस्य था। आकस्मिक हुए इस घटना के बाद परिवार परिवार पर बड़ी विपत्ति आ पड़ी है। घटना की सूचना मिलते ही राजद के प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव अस्पताल पहुचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने मृत आत्मा की शांति के लिए शोक संवेदना व्यक्त किया। मौके पर पूर्व मुखिया संतोष चौधरी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# ईद को देखते हुए एसडीएम और नगर पंचायत ने चलाया सफाई अभियान

**एसडीएम ने खुद फावड़ा लेकर नाली सफाई कर लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश**

**स्वच्छता व सफाई अभियान हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी : एसडीएम**

आजाद सिपाही संवाददाता


सफाई अभियान चलाते एसडीएम गौरांग महतो।

**हुसैनाबाद।** इस्लाम धर्म के पाक माह रमजान और ईद को देखते हुए मंगलवार को हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो ने शहर के जामा मस्जिद, लंबी गली और अन्य कई स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान एसडीएम ने खुद से फावड़ा लेकर सफाई कर्मियों के साथ नाली का सफाई करते हुए नजर आये। एसडीएम के सफाई करते देख सफाई कर्मियों की हौसला बढ़ा इसके बाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश हंस, सिटी मैनेजर राकेश सिंह आदि भी मौके पर पहुंचे और शहर में सभी स्थानों पर जहां ईद की नमाज और भीड़-भाड़ लगता हैं वैसे जगहों को चिन्हित कर सघन सफाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि कोई भी त्योहार लोगों को केवल सरकारी संसाधन पर आश्रित नहीं रहना चाहिए। अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ और स्वच्छ रखना नैतिक व सामाजिक जिम्मेवारी समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का दिनचर्या होना चाहिए, उन्होंने शहर में जगह जगह पर लगे कचरे का अंबार को देखर भड़क गये वहीं कई जगहों पर जनता के द्वारा रखा गया मलवा को हटाने का निर्देश दिया। मौके पर सफाई जमादार अवधेश राम, रवि यादव, संजीत पासवान और जेईई नगर पंचायत के अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

### हैदरनगर के किड्स जोन विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# विज्ञान के प्रति रुचि और समझ विकसित करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्यः कामरान

आजाद सिपाही संवाददाता


अपनी प्रदर्शनी के साथ विद्यालय के छात्र-छात्राएं।

**हुसैनाबाद।** किड्स जोन विद्यालय हैदरनगर के बच्चों ने अपने विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता में शामिल हो कर अपने मेहनत से कई प्रकार के विज्ञान से जुड़े प्रोजेक्ट बना कर प्रदर्शित किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक कामरान खान ने कहा कि विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन से छात्रों के वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलता है। इस तरह के प्रदर्शनी के माध्यम से छात्र-छात्राएं को अपने वैज्ञानिक नवाचारों को प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण और रोचक कार्यक्रम होता है, जो विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रुचि और समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ विज्ञान की अनुभव और जानकारी रखना आवश्यक होता है। इस दौरान किड्सजोन विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने मिलकर अपने छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर और विज्ञान से जुड़े कई जानकारी को साझा किया। शिक्षकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के उज्वल भविष्य बनाने में सहायता प्रदान करेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में आशिया, शिफा, अरीबा, ननदानी, अंशु, रिंकी कुमारी, अंशु कुमारी, मन्नत, श्यामा, आलोक, अल्ताफ, अकरम, प्रिंस, आदर्श आदि का नाम शामिल है।

## एकडरी मध्य विद्यालय में एमडीएम के चावल की चोरी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के एकडरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सोमवार की रात्रि में चोरों ने भंडार कक्ष का ताला तोड़कर एमडीएम का चार बोरा चावल, बर्तन व पाइप की चोरी कर ली। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि जब मंगलवार को विद्यालय माता समिति की अध्यक्ष अनिता देवी व संयोजिका ललिता देवी ने इसकी सूचना दी। वहां पहुंचा, तो देखा की भंडार रुम का ताला टूटा हुआ है। और सामान गायब हैं।

## रामनवमी और ईद को लेकर बिश्रामपुर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**विश्रामपुर (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर थाना परिसर में मंगलवार को रामनवमी और ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ राकेश तिवारी ने किया। संचालन समाजसेवी शमशेर आलम ने किया। बैठक में दोनों पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा रामनवमी के जुलूस को तय मार्ग व निर्धारित समय पर निकालने पर भी सहमति बनी। सीओ राकेश तिवारी ने कहा कि किसी भी पर्व को मिलजुलकर मनाने से उसका महत्व और भी बढ़ जाता है। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने लोगों को सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के बारे में पूरी जानकारी दी। कहा कि सरकारी गाइड लाइन का पालन करते हुये समय से जुलूस निकालें। जुलूस के दौरान उन्माद न फैलायें। कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें। पर्व के दौरान पुलिस गस्त भी बढ़ाई जायेगी। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, समाजसेवी राजन पांडेय, पूर्व नप अध्यक्ष देव नारायण सिंह, उप प्रमुख सतेंद्र नाथ सिंह, विजय रवि, सुनील चौधरी, गोपाल सोनी, मो सफी असलम, सलीमुदीन अंसारी, राज, रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष राजेश मार्शल, मोइ सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, मुकेश सहित दोनों समुदाय के कई लोग मौजूद थे।

# ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर ने 60 टीबी मरीजों के बीच पोषण किट बांटा

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत मंगलवार को टीबी से ग्रसित 60 मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। वितरण समारोह का उद्घाटन जिला क्षय रोग पदाधिकारी डॉ अनिल श्रीवास्तव, बिश्रामपुर सीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार और ग्रासिम इंडस्ट्रीज के मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर के अनिल गिरी ने किया। डॉ अनिल श्रीवास्तव ने टीबी से उबरने में पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला और इस दिशा में ग्रासिम इंडस्ट्रीज द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना किया। कहा कि टीबी के जांच में व्यापकता लायी गयी है। जिससे कि ससमय सभी मरीजों की पहचान कर 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा किया जा सके। एचआर हेड पद्माकर लाल दास ने कहा हमारा यह प्रयास टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को समर्थन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पोषण चिकित्सा के साथ-साथ मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमने इसी उद्देश्य के तहत यह पहल की है। अनिल गिरी ने बताया कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम किया जा रहा है। पूर्व में भी ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत छः महीने तक 60 टीबी मरीजों को पोषण किट प्रदान किया है। विशेष रूप से तैयार की गयी इस पोषण किट में प्रोटीन युक्त आहार, दाल व आवश्यक विटामिन शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान टीबी जागरूकता, शीघ्र पहचान व समुदाय द्वारा समर्थन के महत्व पर जोर दिया गया। मौके पर डॉ एमएम प्रसाद, डॉ हरि प्रसाद, जनसंपर्क प्रबंधक विकाश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# प्रधानाध्यापक ने फर्जी बिल लगा कर विद्यालय अनुदान राशि की निकासी की

**मामला प्रकाश में आने पर प्रधानाचार्य के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई, ठंडे बस्ते में पड़ी जांच रिपोर्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता




**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ पंचायत के राजकीय नवसृजित प्राथमिक विद्यालय थमहवां में विकास मद की राशि का प्रधानाध्यापक द्वारा फर्जी बिल लगाकर विद्यालय अनुदान राशि का निकासी कर लिया गया था। जब मामला प्रकाश में आया तो प्रधानाध्यापक ने आनन-फानन में रंग रोगन का काम विद्यालय के अगले हिस्से में किया और वहीं पिछले हिस्से को पुनः वैसे ही छोड़ दिया। जबकि विद्यालय के रंग रोगन का काम पूरे विद्यालय में करना था लेकिन मामला प्रकाश में आने पर प्रधानाध्यापक द्वारा कार्रवाई से बचने के लिए आधा अधूरा काम कर दिया गया। जिससे साफ पता चलता हैं कि विकास मद की राशि में प्रधानाध्यापक द्वारा हेराफेरी की गयी थी। वहीं इस मामले में जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने विकास मद की राशि का मामला प्रकाश में आने पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को जांच का निर्देश दिया था। वहीं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा विद्यालय में जाकर जांच की गयी, लेकिन उनके द्वारा जांच किये हुये तीन दिन गुजर चुके हैं लेकिन प्रधानाध्यापक पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया। कार्रवाई की जगह मामले को प्रखंड अधिकारियों द्वारा ठंडे वस्ते में रखने का काम किया जा रहा हैं।

# बीडीओ ने एचएम पर लगे अनियमितता के आरोपों की जांच की


आरोपों की जांच करते और स्कूली बच्चों से पूछताछ करते बीडीओ विनय कुमार।

**एचएम के स्थानांतरण तक बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे ग्रामीण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार ने मंगलवार को चपरवार मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक सह प्रधानाध्यापक विनेश राम की विद्यालय संचालन में घोर लापरवाही और गंभीर अनियमितता के आरोपों की जांच की। इस दौरान उन्होंने बच्चों के पठन पाठन और मध्याह्न भोजन मेनु के अनुसार नहीं दिये जाने और बासी खाना खिलाये जाने पर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय में कुल 180 नामांकित बच्चों की जगह मात्र 50 बच्चों की उपस्थिति पर नाराजगी जतायी। बीडीओ ने विद्यालय में पठन पाठन के स्तर की जांच के दौरान बच्चों से देश के राष्ट्रपति के नाम भी पूछे, जिसका सही जवाब बच्चे नहीं दे सकें। जो शिक्षकों द्वारा पढ़ाई में लापरवाही बरतने के आरोपों की पुष्टि होती है। वहीं मौके पर मौजूद अभिभावकों ने बीडीओ से आरोपी एचएम को तत्काल स्थानांतरित कराने की मांग दोहराई और कहा जब तक एचएम को स्थानांतरित नहीं किया जाता है तब तक वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। जिसे देखते हुए बीडीओ ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि मांग के आलोक में जांच रिपोर्ट संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों को भेजी जायेगी। बता दें कि इस दौरान बीडीओ ने विद्यालय भवन और कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया और शिक्षकों को जरूरी निर्देश दिये। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र यादव, माता समिति के अध्यक्ष गुड़िया देवी, संयोजीका किरण देवी, वार्ड सदस्य सुधीर सिंह, दूधेश्वर यादव, राजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, शंभू सिंह, दूना सिंह, दीपक राम, उपेंद्र राम, छठन पासवान, संजय पासवान, दुर्गेश चंद्रवंशी, मनोज कुमार सिंह, सीताराम यादव, शिवनाथ चंद्रवंशी, अंबिका सिंह आदि शामिल थे।

**ग्रामीणों ने इन बिंदुओं पर की थी बीडीओ से शिकायत**

बीडीओ को दिये गये आवेदन में ग्रामीणों ने एचएम पर ग्रामीण के घर शादी का बचा हुआ खाना खिलाने, बच्चों द्वारा परिजन से शिकायत करने पर बच्चों के साथ मारपीट करने, विकास फंड की राशि गबन करने, 45 से 50 छात्र-छात्राओं की जगह 150 से 200 छात्रों का फर्जी हजारी बनाने, मेनु के नुसार मध्याह्न भोजन नहीं देने, संयोजिका किरण देवी से जबरन सादा विड्रोल निकासी फार्म पर हस्ताक्षर करवाने सहित कई गंभीर आरोप लगाये गये थे।

# सभी लोग त्योहारों को शांतिपूर्ण और एकजुट होकर मनायें : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता


शांति समिति की बैठक में शामिल प्रशासनिक अधिकारी और धार्मिक संगठन के लोग।

**हरिहरगंज/पलामू।** ईद और रामनवमी पूजा को लेकर मंगलवार को पीपरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ विनय कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार तथा संचालन थाना प्रभारी बिमल कुमार ने की। जिसमें पुलिस अधिकारियों, स्थानीय प्रशासन, दो समुदाय के गणमान्य और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाये रखना था। थाना प्रभारी ने बैठक में उपस्थित दोनों समुदायों से अपील की कि वे त्योहारों को शांतिपूर्वक और एकजुट होकर मनाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जायेंगे, लेकिन शांति बनाये रखने में समाज का भी महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि दोनों त्योहार भाईचारे और प्रेम का प्रतीक हैं और हमें इन्हें सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। बैठक में प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की जायेगी और त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जायेंगे। बैठक में जिला परिषद ददन पासवान, सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पासवान, मुखिया राजेश राजवंशी, मो नेसार अहमद, क्यामिद्धिन अंसारी, विश्वनाथ राम, सुनील कुमार सिंह, खन्नू सिंह, विजय यादव सहित दोनों समुदाय के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कोटाम में अज्ञात लोगों ने टेंपो में लगायी आग, शिकायत दर्ज

आजाद सिपाही संववाददाता



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कोटाम गांव में अपराधियों ने एनामुल अंसारी के टेंपू को आग के हवाले कर दिया। घटना सोमवार मध्य रात की है। इस संबंध में एनामुल अंसारी ने मंगलवार की अपराह्न 3 बजे गुमला थाना में लिखित शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। दर्ज शिकायत में एमानुल अंसारी ने कहा कि 24 मार्च दिन सोमवार की रात अपने बाउंड्री युक्त आंगन में टेंपू खड़ा कर घर में सो रहा था। मध्य रात में टायर फटने की आवाज आयी तो उसका नींद खुल गया। बाहर आ कर देखा तो उसका टेंपो जल रहा है। परिवार के सदस्यों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया। आस पास के लोग भी रात में ही जमा हो गये। टेंपू पूरी तरह से जल गया। टेंपू जलाने वाले का पता करने की कोशिश की गयी लेकिन रात में पता नहीं चला। एनामुल ने अपराधियों का पता लगाने का थाना प्रभारी से अनुरोध किया है।

## एक ही रात में तीन दुकानों में चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय में चोरों को पुलिस का जरा भी भय नहीं है, चोरी की घटना आए दिन बढ़ते जा रही है, व्यापारी वर्ग के लोग काफी परेशान हैं। 6 महीना के अंदर लगभग दो दर्जन से अधिक चोरी की घटना को अंजाम अज्ञात चोरों के द्वारा दिया जा चुका है। तीन दुकानों में बीते सोमवार की रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गयी है।

पहली घटना घाघरा थाना के मुख्य द्वार पर मुकेश अग्रवाल के किराना दुकान पर घटी, जहां दुकान का छत तोड़कर चोर अंदर घुसे और कीमती सामान चोरी कर ले गये मुकेश ने बताया कि लगभग 22 हजार का सामान चोरी हुआ है।

दूसरी घटना घाघरा थाना के बाउंड्री से सेट प्रदीप मिश्रा का हार्डवेयर दुकान के शटर का ताला तोड़ा पर चोरी करने में असफल रहे।

तीसरी घटना प्रखंड मुख्यालय के रिहायशी इलाका चांदनी चौक पर घटी जहां बिपिन साहू के आड़हत की दुकान का छत तोड़कर चोर अंदर घुसे और लगभग 20 हजार कैश चोरी कर ले गये।

दो चोरी की घटना थाना के बगल में 50 मीटर की दूरी पर हुई है, तीसरी घटना घाघरा के नाक कहे जाने वाले चांदनी चौक के पास घटी। पुलिस की रात्रि गश्ती पूरे रात इसी जगह पर रहती है बावजूद चोरों ने चोरी की घटना को 11:30 बजे रात को ही अंजाम दे दिया। चोरी की घटना से लगता है कि चोरों को पुलिस का कोई भय नहीं है आराम से चोर ताला काटते हैं छत उजड़ते हैं और दुकान से सामान और नगद उड़ा कर ले जाते हैं। घटना के बाद पुलिस वही खाना पूर्ति करने के लिए घटनास्थल पहुंची और रिपोर्ट डायरी में लिखकर थाना चले गए। थाना प्रभारी तरुण कुमार से इस संबंध में जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि चोरी की तीन घटना हुई है सभी को थाना में आवेदन देने के लिए कहा गया है आवेदन मिलेगा तो आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## केंद्रीय महावीर मंडल गुमला और घाघरा की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय महावीर मंडल गुमला व घाघरा की संयुक्त बैठक घाघरा में मंगलवार को आयोजित की गयी। बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय महावीर मंडल घाघरा द्वारा पुलिस के भय से जुलूस नहीं निकलने के निर्णय की जानकारी के बाद केंद्रीय महावीर मंडल गुमला के सदस्यों ने घाघरा आकर विस्तृत चर्चा किया गया। बैठक में घाघरा के सदस्यों ने पुलिस के द्वारा किये गये कार्रवाई की चर्चा करते हुए कहा गया कि पुलिस के द्वारा भय का माहौल बनाया गया है, जिससे हम लोग काफी डरे हुए हैं। आने वाले दिनों में दुर्गा पूजा विवाद को लेकर हुए प्राथमिक की में आरोपियों की संख्या बढ़ाने की भी बात बाजार में चर्चा से भयभीत हैं। बैठक में कई आंतरिक बातें सदस्यों के द्वारा केंद्रीय महावीर मंडल गुमला के अधिकारियों के पास रखा गया। इसके बाद भी जुलूस निकालने पर सहमति नहीं बन पाई। घाघरा के लोगों ने थाना प्रभारी व दुर्गा पूजा से संबंधित हुए केस के जांच अधिकारी पर द्वेष पूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने का मांग भी किया है। अंत में गुमला केंद्रीय महावीर मंडल के अधिकारियों ने जिले के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर सारे समस्याओं को रखने का बात कहा है। बैठक में मुख्य रूप सेनिर्मल कुमार गोयल, रविंद्र सिंह, उज्जवल कुमार सिन्हा, बीरेंद्र साहु, रंजीत सोनी, आशीष राज, कौशलेंद्र कुमार, नितेश कुमार लाल, शंभू सिंह, विकास सिंह, विपिन सिंह, सौरभ विश्वकर्मा, दिनेश कुमार नाग, विनोद साहू, प्रभात साहू, अखिलेश साहू, दीपक गुप्ता, संजय गुप्ता, मुकेश महापात्र, अमित ठाकुर, विपिन बिहारी सिंह, संजय सिंह, विपिन साहू, कमलेश गोप, संजय वर्मा, सुशील गोस्वामी, राजेंद्र कुमार, अर्श राज गुप्ता, कुश साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## केंद्रीय महावीर मंडल ने घाघरा थानेदार को हटाने की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज होकर घाघरा श्रीरामनवमी पूजा समिति के द्वारा इस बार रामनवमी नहीं मानने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद केंद्रीय महावीर मंडल गुमला के पदाधिकारी मंगलवार को घाघरा पहुंचे और पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। सदस्यों ने बताया कि पिछले वर्ष दुर्गा पूजा से पूर्व चंदा के दौरान चाकूबाजी की घटना हुई थी, जिसमें बेवजह जो लोग बचाने के लिए सामने आये थे उनका नाम भी अभियुक्त के रूप में दिखाया गया है। साथ ही पुलिस बेवजह परेशान करती है। घाघरा थाना की कार्यशैली से नाराज होकर हमने यह कदम उठाया है और 70 वर्षों में यह पहली बार होगा जब घाघरा में जुलूस नहीं निकाला जायेगा। वहीं सभी लोगों ने एक स्वर में घाघरा थाना प्रभारी को हटाने की मांग की। केंद्रीय महावीर मंडल के पदाधिकारी ने कहा कि दो दिन के बाद गुमला में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक है जिसमें पूरे मामले को रखा जायेगा और प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा को किसी कीमत पर हम बंद होने नहीं होने देंगे बल्कि जो भी दोषी अधिकारियों है, उनपर कार्रवाई होनी चाहिए। मौके पर संरक्षक रविंद्र सिंह, निर्मल गोयल अध्यक्ष अरुण कुमार उपाध्यक्ष उज्जवल कुमार सिन्हा, विपिन कुमार सिंह, छोटू सोनी कोषाध्यक्ष विकास सिंह सहसचिव राजेश गुप्ता मीडिया प्रभारी सौरभ कुमार विश्वकर्मा, नितेश कुमार लाल सहित केंद्रीय मात्रा मंडल घाघरा के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## तिगरा में वाहन समेत 6 गोवंशीय पशु जब्त



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तिगरा गांव से पिकअप वाहन सहित 6 गोवंशीय से पशुओं को जब्त किया है। वहीं पशु तस्कर और चालक वाहन छोड़कर फरार हो गये। वही पुलिस ने वाहन में लोड 6 गोवंश पशुओं को जब्त करते हुए ग्रामीणों के बीच जिम्मेनामा पर वितरण कर दिया। थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने बताया गुप्त सूचना मिली कि छत्तीसगढ़ की ओर से एक पिकअप वाहन में गोवंश पशुओं को लोड कर तस्करी के लिए लोहरदगा ले जाया जा रहा है। सूचना पर छापामारी दाल का गठन किया गया साथ ही पुलिस तस्करों को पकड़ने में जुट गयी। वही तस्करों को भनक मिलते ही तिगरा गांव में वाहन को छोड़कर फरार हो गये।

## मंईयां सम्मान योजना के पैसे नहीं आने से महिलाएं आक्रोशित : सैयदा खातून



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव जिला सचिब सैयदा खातून के नेतृत्व में गुमला डीसी को मांग पत्र दिया गया और बताया गया कि मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से महिला लाभुक परेशान हैं। कई लाभुकों के नाम हटाये गये हैं, जिससे योग्य लाभुकों में आक्रोश है। मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने पर लाभुक लगे रहे कार्यालयों का चक्कर और सभी लाभुकों में आक्रोश की भावनाएं है और मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से महिला लाभुक प्रतिदिन प्रखंड और जिला के कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। बता दें कि मंईयां सम्मान योजना सूची से जिले में कई लाभुको का नाम विलोपित कर दिया गया है। जिससे योग्य महिला लाभुकों मे आक्रोश देखा जा रहा है और राशि नहीं मिलने से नाराज काफी संख्या में महिलाओ प्रखंड कार्यालय और समाहरणालय पहुंच कर मिशन बदलाव के नेतृत्व इकट्ठा हो रहे है और समस्याओं को बता रहे है। सैयदा खातून ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पूरे राज्य में जनवरी, फरवरी और मार्च माह की एक मुश्त 7500 रुपया योग्य लाभुकों के खाते में भेज दिया गया है, लेकिन अभी भी कई योग्य लाभुक इससे योजना के लाभ से वंचित हैं।

## सैप जवान के आश्रित पुत्री को अनुकंपा के आधार पर मिली नौकरी, डीडीसी ने सौंपा नियुक्ति पत्र



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गृह एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में उग्रवादी हिंसा में मृत सैप जवान स्व भूषण तिर्की के आश्रिता पुत्री सीमा रानी को अनुकंपा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर तृतीय वर्ग के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसके तहत आज मंगलवार को उप विकास आयुक्त ने अपने कार्यालय कक्ष में सीमा तिर्की को अपने हाथों से नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया एवं उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उक्त के आलोक में डुमरी कार्यालय में पदस्थापित करते हुए उनकी नियुक्ति की गयी। साथ ही उन्हें सरकार के द्वारा निर्धारित वेतन भत्ता के अतिरिक्त समय-समय पर स्वीकृत जीवन यापन भत्ता एवं अन्य भत्ते भी देय होंगे ।

## डीआरडीए के लेखा पदाधिकारी मो शाहिद की संदेहास्पद मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीआरडीए के लेखा पदाधिकारी मोहम्मद शाहिद का किराए के आजाद बस्ती स्थित एक किराये के कमरे में संदेहास्पद मौत होने होने का मामला सामने आया है। मो शाहिद रांची के हिंदपीढ़ी के रहने वाले थे। और वे अविवाहित थे। पिछले 14 वर्षों से डीआरडीए में वे सेवारत थे।उनके शव मिलने की सूचना के बाद उनके परिजन और शुभचिंतक हतप्रभ है। काफी मिलनसार व मृदुभाषी होने के कारण 14 वर्षो से गुमला में रहने के कारण उन्हें हर कोई जानता व पहचानता था। इधर परिजनों को सूचना दिये जाने के बाद परिजन रांची से गुमला के लिए निकल चुके है। वही सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे में कर पुनः उनके कमरे को शील कर दिया है। उनके परिजनों के आने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी। देर रात तक परिजनों के गुमला पहुचने की सम्भवना है। बताया जाता है कि मो शाहिद पिछले कई वर्षों से बीमार रहा करते थे। बावजूद वे अपने कर्तव्य के प्रति इमानदार थे। वे हर दिन अपनी सरकारी ड्यूटी बखूबी निर्वहन करते थे। बताया जाता है कि शाहिद आजाद बस्ती स्थित एक किराये के मकान में अकेले रहा करते थे। रमजान के दिनों में वे रोजा भी रखा करते थे। साथ ही रोजा खोलने के लिए समीप के मस्जिदों में समय पर पहुंच जाया करते थे। मगर इधर रविवार से वे मस्जिद में रोजा भी खोलने नही पहुंच रहे थे।

## बुमटेल निवासी पारा शिक्षक ने खाया जहर

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बुमटेल निवासी 45 वर्षीय अमृत कुजूर ने मंगलवार की अपराह्न 4 बजे सल्फास खा लिया। इसके बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर ले गये जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक व्यक्ति श्रीनगर में पारा शिक्षक के पद पर कार्यरत है। वही उसकी पत्नी सीकरी गांव में शिक्षिका है। पत्नी गुमला शहर के दाउदनगर में अपने बच्चों के साथ रहती है। जबकि पति बुमटेल गांव में ही रहता है। घटना की सूचना पर उसकी पत्नी स्कूल से सीधे सदर अस्पताल पहुंची हालांकि घटना के असली कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने पर सैंकड़ों महिलाएं पहुंचीं गुमला ब्लॉक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मुख्यमंत्री मंईयां योजना का लाभ नहीं मिलने से गुमला प्रखंड के मईया के परिवार और अधिकारी खासा परेशान है। पेरशानी का आलम यह है कि मंगलवार को दिन के 2 बजे प्रखंड कार्यालय में नीचे से ऊपर तक मईया की भीड़ लगी थी। जानकारी के अनुसार गुमला सदर प्रखंड क्षेत्र में लगभग 76 हजार से अधिक महिलाओं ने मुख्यमंत्री मंईयां योजना के लिए आवेदन किया है। फिलहाल लगभग 26 हजार लाभूकों के बैंक खाता में साढ़े सात-सात हजार रुपये आने के बाद शेष लगभग पचास हजार महिलाओं की परेशानी दो गुना हो गया। जिन महिलाओं के बैंक खाता में राशि गयी है उनकी एक सूची प्रखंड प्रशासन ने दीवाल में चिपका दिया है। जिसे देखने के लिए महिलाओं एवं उनके परिवार के सदस्यों की भीड़ लगी हुई है वहीं जिन महिलाओं के खाता में सम्मान योजना का राशि नहीं मिली है उनके त्रुटिपूर्ण खाता को सुधार करने के लिए तीन कंप्यूटर आपरेटर लगाये गये हैं। राशि नहीं मिलने की जानकारी लेने के लिए महिलाओं की लंबी लाइन लगी है। लाइन में लगी महिलाओं में किसी ने कहा कि उसे एक बार भी योजना का लाभ नहीं मिला तो किसी ने कहा कि पहले मिल रहा था। इस बार नहीं मिला। ऑपरेटर आकाश कुमार ने बताया कि इस बार आधार से भुगतान हुआ है। लिंक आदि की त्रुटि हुई है जिसे सुधार किया जा रहा है। महिलाएं घर का सारा काम छोड़कर दिन भर मईया योजना का लाभ लेने के लिए आधार और बैंक खाता सुधार कराने में परेशान हैं। वहीं कुछ महिलाओं का राशन कार्ड केवाईसी नहीं होने से भी योजना से वंचित हैं केवाईसी कराने के लिए महिलाएं कभी डीलर तो कभी ब्लॉक के चक्कर लगा रही है लोगों का केवाईसी भी नहीं हो पा रहा है। किसी का फिंगर काम नहीं कर रहा है तो लिंक फेल भी बताया जा रहा है।

## जरूरतमंद परिवारों को मिलेगा पक्का मकान : बीडीओ



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाइ-जी) के तहत जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान का लाभ दिलाने के लिए सर्वे का कार्य समाप्ती की ओर है हो गया है। सर्वे का कार्य 29 मार्च के पहले करा लें। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने बताया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के उन परिवारों के लिए बेहद अहम है, जिनके पास स्वयं का घर नहीं है या वे जर्जर एवं कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पंचायत सेवक एंव रोजगार सेवक से आवास का सर्वे कराया जा रहा है। इससे सभी जरूरतमंदों को पक्का आवास मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों को पक्के मकान प्रदान करना है। यह योजना उन परिवारों के लिए बेहद अहम है, जिनके पास स्वयं का घर नहीं है या वे जर्जर एवं कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने पूरे प्रखंड वासियों से अपील की है कि अपने आसपास के जितने भी खराब चापाकल है उसकी सूचना तुरंत पीएचडी के अधिकारी को दें चैनपुर पीएचडी के लिए 7992405933 एंव जारी पीएचडी 6206041891नंबर पर इस की सुचना दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी आने से पहले ही पूरे प्रखंड में जितने भी खराब पड़े चापाकल है उनका मरम्मत पीएचडी विभाग से कराया जा रहा है। सभी खराब चापाकलों का मरम्मत भीषण गर्मी से पहले ही करा दिया जायेगा। ताकि इस भीषण गर्मी में किसी को भी पानी के लिए समस्या न झेलना पड़े।




## आइपीएल के लिए पंजाब किंग्स ने लॉन्च किया 'बस जीतना है' अभियान

एजेंसी

**अहमदाबाद ।** आईपीएल 2025 के अपने पहले मुकाबले से पहले पंजाब किंग्स ने अपने नए अभियान 'बस जीतना है' का शानदार अनावरण किया। इस हाई-ऑक्टेन अभियान का नेतृत्व कप्तान श्रेयस अय्यर, मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और टीम के अन्य स्टार खिलाड़ी कर रहे हैं, जो पंजाब किंग्स के जुझारूपन और निडर मानसिकता को दशार्ता है।

**हाइ-एनर्जी वीडियो में दिखी टीम की दमदार झलक**

टीम के इस अभियान को एक पावरफुल वीडियो के जरिए लॉन्च किया गया, जिसमें अर्शदीप सिंह, लॉकी फर्ग्यूसन, युजवेंद्र चहल, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉइनिस और मार्को जेनसेन जैसे दिग्गज खिलाड़ी अपने प्रशिक्षण और जोश से भरे दृश्यों में नजर आ रहे हैं। वीडियो का एक खास मोमेंट अर्शदीप सिंह की 'शेर दी दहाड़' के साथ सामने आता है, जो पंजाब की निडर और आक्रामक क्रिकेट की भावना को दर्शाता है। इस जबरदस्त विजुअल को पंजाबी सिंगर परमिश वर्मा की दमदार आवाज ने और प्रभावी बना दिया है।

अभियान में उभरते सितारों को भी प्रमुखता दी गयी है, जिनमें शशांक सिंह, हरप्रीत ब्रार, प्रभसिमरन सिंह और निहाल वधेरा जैसे घरेलू सितारे शामिल हैं। इसके अलावा, युवा प्रतिभाएं प्रियंश आर्य और मुशीर खान भी




इस वीडियो का अहम हिस्सा हैं, जो पंजाब किंग्स की मजबूत भारतीय टैलेंट पूल को उजागर करता है।

पंजाब किंग्स के सीइओ सतीश मेनन ने अभियान को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि 'बस जीतना है सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि हमारे खिलाड़ियों और प्रशंसकों की भावनाओं को व्यक्त करता है। यह एक संकल्प है, जिसे हम हर मैच में लेकर उतरेंगे। हमारा लक्ष्य सिर्फ मुकाबले जीतना नहीं, बल्कि मैदान पर पंजाब किंग्स की एक मजबूत और निडर पहचान बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे प्रशंसक इस अभियान को दिल से अपनायेंगे। कैंप का माहौल पूरी तरह से सकारात्मक है, और खिलाड़ी पूरी ऊर्जा के साथ सीजन में उतरने के लिए तैयार हैं।

**गुजरात टाइटन्स के खिलाफ होगी अभियान की पहली परीक्षा**

पंजाब किंग्स आइपीएल 2025 के अपने पहले मुकाबले में आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी। इसके बाद टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक अवे मैच खेलेगी और फिर अपने नये घरेलू मैदान नयी पीसीए स्टेडियम, नयी चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी दिग्गज टीमों की मेजबानी करेगी। पंजाब किंग्स के प्रशंसकों के लिए यह सीजन बेहद खास होने वाला है। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या श्रेयस अय्यर की कप्तानी में यह टीम अपनी 'बस जीतना है' की मानसिकता को हकीकत में बदल पाती है या नहीं।

## पीड़ित दंपति के साथ पुलिस की मारपीट की खबर पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने लिया संज्ञान

आजाद सिपाही संववाददाता

**घाघरा।** अखबार आजाद सिपाही में जैसे ही थाना में मारपीट का शिकायत करने पहुंचे आदिवासी पति-पत्नी के साथ पुलिस के द्वारा किये गये मारपीट व अभद्रता की खबर छपी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार की सदस्य आशा लकड़ा ने मामले पर स्वत संज्ञान ले लिया। उन्होंने इसे बहुत ही गंभीर मामला बताया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से पुलिस महानिदेशक झारखंड सरकार अनुराग गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक गुमला शंभू कुमार सिंह से कहा है कि यह बहुत ही गंभीर मामला है मामले की जांच करने का आयोग के द्वारा निश्चय किया गया है। साथ ही अनुरोध किया गया है कि तीन दिनों के अंदर


शिकायत करने थाना पहुंचा दंपति, पुलिस ने महिला को दी गाली, पति को पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। घाघरा पुलिस के पास फरियाद लेकर पहुंचे पति-पत्नी के साथ पुलिस ने की बर्बरता। पति को लाठी से पिटा व पत्नी को गालियां दी। मामला है घाघरा प्रखंड के हापामुनि गांव का घटना के संबंध में अमरजीत भगत ने बताया कि बीते रविवार को हापामुनि ग्राम निवासी अमरजीत भगत अपने बेटा

पत्नी को भी कहा तुमको महिला चौकीदार से शाम में 50 लाठी

घाघरा थाना में फरियादियों के साथ मारपीट का यह कोई पहला मामला नहीं,इसके पूर्व में भी एक नाबालिक के साथ मारपीट करने और प्रताड़ित करने को लेकर पुलिस अधीक्षक गुमला शंभू कुमार सिंह के द्वारा एक सब इंस्पेक्टर सहित चार पुलिस कर्मियों को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई का अनुशंसा कर दिया

डाक या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर या किसी अन्य संचार साधन से आरोप पर की गई कार्रवाई से संबंधित सूचना की मांग की गई है। साथ ही पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि नियत अवधि में आयोग में यदि उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो आयोग भारत सरकार के संविधान के अनुच्छेद 338 क के अंतर्गत उसे प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है तथा व्यक्तिगत रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए आपको समान भी जारी कर सकता है। आयोग के इस संज्ञान के बाद महकमे में हड़कंप मच गया है।

# जामाडोबा टाटा डीएवी स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया/जोड़ापोखर।** जामाडोबा टाटा डीएवी स्कूल में कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजित की गयी। विद्यालय प्रशासन ने 25 मार्च से 27 मार्च तक क्रिकेट और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। लड़के के लिए क्रिकेट और लड़कियों के लिए कबड्डी की प्रतियोगिता रखी गयी है। क्रिकेट मैच का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने किया। क्रिकेट मैच में कक्षा दसवीं ए और दसवीं बी के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें दसवीं वर्ग ए की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 72 रन बनाये। जवाब में दसवीं वर्ग बी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र नौ ओवर में जीत हासिल कर लिया। इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रुद्र प्रताप ने छह विकेट लिये और 10 रन बनाये जिसके कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। कल कक्षा दसवीं वर्ग सी और दसवीं वर्ग डी के बीच क्रिकेट मैच खेला जायेगा, जबकि फाइनल मुकाबला 27 मार्च को होगा। विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। इस आयोजन को लेकर छात्रों और अभिभावकों में बहुत उत्साह देखने को मिला।

## गिरिडीह सांसद ने केंद्रीय कोयला और खान मंत्री से मिलकर की मांग

# ओड़िशा की तालचर परियोजना की तरह झारखंड में भी गठित हो पूर्णकालिक न्यायाधिकरण : चंद्रप्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय कोयला और खान मंत्री किशन रेड्डी से झारखंड की कोयला परियोजना को लेकर पूर्णकालिक न्यायाधिकरण का गठन करने की वकालत की है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को इस बात से अवगत कराया कि जिस प्रकार ओड़िशा राज्य के तालचर कोल परियोजना को लेकर पूर्णकालिक न्यायाधिकरण गठन करने का निर्णय लिया गया है और इससे संबंधी आदेश भी जारी कर दिया गया है। इसी प्रकार झारखंड में भी कोयला परियोजना को लेकर पूर्णकालिक न्यायाधिकरण बनाने जरूरत है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को इस बात से भी अवगत कराया कि झारखंड के सात जिलों में



अशंकालिक न्यायाधिकरण का गठन तो किया गया है मगर यह न्यायाधिकरण अब तक क्रियाशील नहीं है। इसको देखते हुए पूर्णकालिक न्यायाधिकरण का गठन किया जाना झारखंड और झारखंडियों के हित में होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर ही जहां कोयला क्षेत्र में सुधार हो सकेगा वहीं विस्थापित परिवारों को न्याय और अधिकार भी प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कोयला क्षेत्र के विस्थापितों द्वारा पूर्ण कालिक न्यायाधिकरण की मांग की जा रही है। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री का ध्यान बीसीसीएल के गोविंदपुर क्षेत्र के खरखरी कोयला परियोजना में हुई गोलीकांड और कोयला चोरी को लेकर कोल इंडिया की उदासीन रवैया की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि घटना को लेकर पुलिसिया जांच में कई बातें सामने आयी है बावजूद इसके कोल इंडिया प्रबंधन का इस पर गंभीर नहीं होना कई संदेह भी पैदा करता है। नियमों की खुलेआम अनदेखी कर ग्रामीणों की रेयती भू भाग का बगैर अधिग्रहण कर चारदीवारी निर्माण का अवैध कब्जा प्रयास किया गया। यही नहीं हमारे आवासीय कार्यालय को भी आगे के हवाले कर दिया गया और यह सारा कुछ संबंधित परियोजना के जीएम के मनमानी पूर्ण रवैया, अव्यावहारिक कार्यशैली और खुलेआम नियमों की अवहेलना करने की वजह से हुआ। इन सब की जानकारी के बावजूद इस घटना पर कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं करना कोल इंडिया की कार्यशैली को ही दर्शाता है। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री ने मिलने आये गिरिडीह सांसद की बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद इस मामले में शीघ्र समुचित कार्रवाई करने को लेकर आश्वस्त किया।

## डालसा ने चार बच्चों को किया रेस्क्यू

# नेत्रहीन विद्यालय में बच्चों के दाखिले की कार्रवाई पूरी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** मन्नू को पढ़ने की लालसा थी, परंतु ईश्वर ने उसके दोनो आंख छीन लिए, इतना ही नहीं चार वर्ष की उम्र मे हीं मन्नू के सर से पिता का साया उठ गया। विधवा मां और शत प्रतिशत दिव्यांग मन्नू अपने सपनों को साकार कैसे करती? उसे डालसा का सहारा मिला उसके जीवन में डालसा एक नयी रोशनी बनकर आयी। मंगलवार को अधिकार मित्र राजू कुमार की नजर बाघमारा में उस बच्चे पर पड़ी तुरंत इसकी सूचना अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन को दी गयी। बच्चों को रेस्क्यू करने के लिए तुरंत टास्क फोर्स बनाया गया, टीम जब बाघमारा बच्चों को रेस्क्यू करने पहुंची तो वहां देखा कि मन्नू ही नहीं उसके छोटे भाई भी शत प्रतिशत दिव्यांग हैं उसके भी आंखों में रौशनी नहीं है। इसी दौरान दो और अनाथ बच्चों पर टीम की नजर पड़ी जिनसे बातचीत पर यह पता चला कि वो भी पढ़ना चाहते हैं, परंतु गरीबी के कारण और माता पिता का साया सर पर नहीं रहने के कारण वह पढ़ नहीं पा रहे हैं। न्यायाधीश रौशन ने पूरे मामले की जानकारी प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी को दी। प्रधान जिला जज के आदेश पर त्वरित कार्रवाई हुई, बच्चों को झालसा के द्वारा चलायी जा रहीं योजना दिव्यांगों को मिले समानता का अधिकार परियोजना के तहत मिलने वाले समस्त अधिकारों को दिलाने का निर्देश दिया गया। न्यायाधीश ने मौके पर ही बच्चों को पहनने के लिए कपड़े, खेलने के लिए खिलौने और खाने पीने की सामग्री दी।

## नये वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी से मिले इसीआरकेयू के प्रतिनिधि

# कमर्शियल विभाग के अपग्रेडेशन और स्कूल टीचर से बने क्लर्क के एमएसीपी में लाभ पर बातचीत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन इसीआरकेयू के प्रतिनिधियों ने नये वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी से मिले और उनका स्वागत गुलदस्ता भेंट कर किया। रेल कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं पर बात की जिसमें विशेष कर कमर्शियल विभाग का अपग्रेडेशन, राष्ट्रीय पेंशन स्कीम से ओल्ड पेंशन स्कीम में आने वाले कर्मचारियों के एनपीएस का पैसा पीएफ में जमा करने, और



धनबाद मंडल के स्कूल टीचर से क्लर्क बने कर्मचारी का एम एमएसीपी का लाभ देने के मुद्दे पर बात हुई। इसीआरकेयू के इस प्रतिनिधि मंडल में अपर महामंत्री मो जियाउद्दीन केंद्रीय संगठन सचिव नेताजी सुभाष, एनके खवास,जितेंद्र कुमार साव रणधीर कुमार, इंद्र मोहन सिंह, रंजीत कुमार, परमेश्वर कुमार पिंटुनंदन अमित कुमार मंटू सिंह उपस्थित थे।

# आयुक्त ने एचडीएफसी बैंक का किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बलियापुर/धनबाद।** देश की अग्रिम बैंकों में से एक एचडीएफसी बैंक का मंगलवार को धनबाद जिले के बलियापुर में नयी शाखा का उद्घाटन हुआ। शाखा का उद्घाटन धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त (सीइओ) रवि राज शर्मा ने किया।

इस उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी, इस क्षेत्र के विकास में बैंक सहभागी बनेगी और क्षेत्र की सारी बैंकिंग समस्या का हल होगा। इस मौके पर



एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जायेगी और आसपास के लोगों की डे टू डे बैंकिंग आसन हो जायेगी। इस मौके पर क्लस्टर हेड रोहित कुमार सिंह, शाखा प्रबंधक दीपक एस कुमार और अन्य लोग उपस्थित थे।


**Agriculture Technology Management Agency (ATMA),Simdega**

web :–www.atmasimdega.org,E-Mail :-atma_simdega@yahoo.in

**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

Ref No.: ............... Date: ...............

| SL. NO | INFORMATION/SUBJECT | DETAILS |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | Name of Work | Promotion Of Perennial Farming Practices Through Introduction of Solar Lift Irrigation in Simdega District, Jharkhand |
| 02 | Tender Fees | Rs. 10,000.00 (In the form of Demand Draft in favor of PD, ATMA) |
| 03 | Earnest Money to be Deposited (@ 2% of the Estimated Project Cost) | Rs. 4,76,468.00 (In the form of Fixed Deposit of any nationalized bank duly pledged in favor of PD, ATMA) MSME Registered Organization to be exempted as per Jharkhand Procurement Policy 2014 |
| 04 | Date of Publication of Bid | 24.03.2025 |
| 05 | Last Date of receiving Pre-Bid queries | 02.04.2025,12:00 PM |
| 06 | Date & Time of Pre-Bid Meeting | 03.04.2025, 12:00 PM |
| 07 | Place of Pre-Bid Meeting | ATMA Office, District Collectorate, Simdega |
| 08 | Last Date & Time for Bid Submission | 08.04.2025, 12:00 PM |
| 09 | Bid Submission Place& Mode | ATMA Office, District Collectorate, Simdega though Speed Post/Registered Post/By Hand. Any other mode or late submission of bids will be rejected |
| 10 | Date And Time for Technical Bid Opening | 09.04.2025, 12:30 PM |
| 11 | Bid Opening Place | ATMA Office, District Collectorate, Simdega |
| 12 | Date & Time of Technical Presentation | To be informed later |
| 13 | Date & Time of Financial Bid Opening | To be informed later |
| 14 | Name And Office for Inviting Bids | Project Director, ATMA, Simdega |
| 15 | Helpline No. And Email Address | atmasimdega@nic.in |

NOTE: FOR FURTHER DETAIL PLEASE VISIT www.simdega.nic.in

PR 349152 Simdega(24-25).D

PROJECT DIRECTOR
ATMA, SIMDEGA


# कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने निरसा क्षेत्र का किया भ्रमण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चिरकुण्डा।** कांग्रेस कमेटी संगठन के विस्तारिकरण और मजबूती प्रदान को लेकर मंगलवार को कांग्रेस के धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत निरसा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमन किया। क्षेत्र में आम जन्मानस की समस्याओं को सुना, और बताया गया कि कांग्रेस संगठन के विस्तारिकरण कार्यक्रम के तहत गांव-गांव तक जाकर लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ना है ताकि हमारे जन कल्याणकारी नीतियों को गांव के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचा जा सके। इसी उद्देश्य के तहत संपूर्ण झारखंड में कांग्रेस का कार्यक्रम हर जिला हर प्रखंडों में की जा रही हैं।

## सड़क हादसा में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल

**महुदा (आजाद सिपाही)।** कांडरा पंचायत सचिवालय के पास मंगलवार दोपहर को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें स्कूटी सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान महुदा के बेलाखोंधा गांव के कालाचंद देशवाली (50) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, कालाचंद महुदा मोड़ स्थित पेट्रोल पंप से तेल लेने के लिए जा रहे थे। जब वह कांडरा सचिवालय के पास स्थित शिव मंदिर के पास सड़क पार कर रहे थे, तब तेज रफ्तार से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के कारण वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें तुरंत धनबाद अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बतायी जा रही है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने दोनों वाहनों को थाने ले जाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस की सहायता से धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने कार चालक से पूछताछ भी शुरू कर दी है।

## बालू लदा वाहन जब्त एफआइआर दर्ज



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदा एक टाटा 407 जब्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, बैंक मोड़ थाना के सब इंस्पेक्टर बाबु राम हांसदा और अन्य पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से बालू के अवैध खनन और परिवहन के विरूद्ध नया बाजार सुभाष चौक के पास औचक छापामारी की गयी। इस क्रम में धनबाद की ओर से आ रहे एक बालू लदे एक वाहन को बिना चालान के बालू का परिवहन करते पकड़ा गया।

## प्रशासनिक मिलीभगत से कोयले की अवैध तस्करी : डॉ लंबोदर महतो



**पेटरवार (आजाद सिपाही)।** बोकारो जिले में अधिकारियों के अवैध कोयले के कारोबार पर अंकुश लगाने के तमाम दावों के बीच बेरमो अनुमंडल क्षेत्र में अवैध कोयले का कारोबार बदसूरत जारी है। मामले का खुलासा तब हुआ जब तेनुघाट ओपी क्षेत्र अंतर्गत उलगड्डा के जोडा महुआ में मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों ने अवैध कोयले से लदा एक ट्रक को पकड़ लिया। जबकि अन्य चार ट्रक भागने में सफल रहे। इस दौरान अवैध कोयला का कारोबार करने वालों के समर्थकों ने हंगामा करते हुए ट्रक को पकड़ने वाले ग्रामीण पर पत्थर से हमला कर दिया। जिससे ट्रक को भागने का मौका मिल गया। पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण अवैध धंधा तेजी से फलफूल रहा है। उन्होंने बताया कि वरीय अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद कोई भी अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा, जिससे इस कार्रवाई में प्रशासन की संलिप्तता नजर आती है। उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार अवैध कोयले के कारोबार में लगाम लगाने में विफल साबित हो रही है। इस दौरान डॉक्टर लंबोदर महतो ने कहा कि क्षेत्र में अवैध कोयले का कारोबार रुकना चाहिए। वाहन के मालिक एवं अवैध कोयला के कारोबार करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई प्रशासन के द्वारा की जानी चाहिए। मौके पर पहुंची तेनुघाट पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों और आजसू कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से इस अवैध कारोबार को रोकने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोयला माफिया का खेल, रास्ते में ही ट्रक का बदला नंबर ग्रामीणों के द्वारा उलगड्डा के जोड़ामहुआ के पास ट्रक को पकड़ लिया गया। परंतु हंगामा के बाद जोड़ामहुआ से तेनुघाट जाने वाले बीच रास्ते में ही ट्रक के नम्बर को बदल दिया गया। हालांकि कोयला लदा ट्रक तेनुघाट पुलिस के कब्जे में है। अभी जांच का विषय है कि दोनों में से कौन सा नंबर सही है। मामले पर पुलिस जांच पर जुट गयी है।

## फर्जी प्रमाण पत्र बना कर अंसारी बनने के खिलाफ झामुमो नेता ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**कतरास (आजाद सिपाही)।** छाताबाद स्थित आवासीय कार्यालय में जेएमएम के युवा नेता अताउर रहमान अंसारी ने अनस राज सिद्दीकी पर फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर अंसारी बनने और अंसारी समाज के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाते हुए धनबाद उपायुक्त महोदय को पत्र दिया। अतः इसकी जांच पड़ताल कर उसपर आवश्यक कार्रवाई की जाये।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(आपूर्ति शाखा)**

**-ः आम सूचना ः-**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय निदेश के आलोक में सभी राशन कार्डधारियों का E-KYC/UID SEED को संबंधित जन वितरण प्रणाली के e-Pos मशीन के माध्यम से किया जाना है। E-KYC/UID SEED की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात जिन कार्डधारियों का E-KYC नही किया जायेगा, वैसे कार्डधारियों का आवंटन भविष्य में बन्द हो जायेगी। सभी PHH/AAY एवं ग्रीन राशन कार्डधारी अपना एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों का नजदीकी डीलर के पास जाकर E-KYC और UID SEED दिनांक 31–03–2025 तक अनिवार्य रूप से करायेंगे।

इसे अत्यावश्यक समझें।

ह0/–
जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कोडरमा

PR 349186 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25)#D


# जोरापोखर थाना में ईद और रामनवमी को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया/जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना में मंगलवार को ईद और रामनवमी की त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने था संचालन किशोर कुमार ने किया। बैठक में समिति के लोगों ने ईद एवं रामनवमी की त्योहार को हर्षोल्लास के साथ भाई चारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया है। श्री सिन्हा ने रामनवमी के अखाड़ा संचालकों से अपील किया है की पर्व के अवसर पर असमाजिक



तत्वों पर विशेष नजर रखे। ऐसे तत्वों के खिलाफ प्रशासन को सूचना तुरंत पुलिस को दे।साथ ही शांति के माहौल में त्योहार मनाने को सभी समुदाय के लोगों को एक दूसरे को सहयोग करें। श्री सिन्हा ने कहा है की सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी। बैठक में शंकर साव, शमशेर आलम, दिनेश यादव, एम के ठाकुर, अशोक झा, गणेश साव, नौशाद खान, पपू विश्वकर्मा, बीरेंद्र गुप्ता, पिंटू तुरी, आरिफ सिद्दिकी, अलीम अंसारी, आफताब अंसारी आदि थे।

# युवक ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजगंज।** राजगंज थाना क्षेत्र के डोमनपुर में बीती रात करीब 10 बजे युवक ने अपने कमरे में फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। घटना के संबंध में बताते हुए मृतक राहुल कुमार महतो 19 वर्ष के पिता चोला राम महतो ने कहा की दो दिनों से कुछ परेशान था। वह खाना-पीना भी ढंग से नहीं खा रहा था।

सोमवार को भी उसने कुछ खाया पिया नहीं था। रात करीब 9 बजे वह आकर पानी पिया और अपने कमरे में चला गया। इसके बाद उसका भाई खाना खाकर उसी कमरे में सोने जा रहा था की तभी उसकी नजर राहुल पर पड़ी जो फंदे से लटका हुआ था। आनन फानन में शोर मचा कर लोगों को बुलाया गया और उसे नीचे उतार कर पास के हीं नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को सुबह पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। मृतक अपने तीन भाईयो में सबसे छोटा था और दलूडीह स्थित बजाज शो रूम मे कार्यरत था।


**झारखण्ड स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
का0: अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0,
455/A, रोड नं0–5, अशोक नगर, राँची।

E-mail – md_jsfdc@yahoo.co.in / mdjsfdc@gmail.com TOLL FREE NO. 18008891131

ई–निविदा सूचना संख्या ल0 व0 प0 प0 (के0 प0)–04/2025

वर्ष 2025 मौसम में झारखण्ड राज्य में संग्रहित होनेवाली केन्दू पत्ती की अग्रिम बिक्री हेतु ई–निविदा

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

विगत वर्ष की भांति वर्ष 2025 मौसम में झारखण्ड में संग्रहित होने वाली केन्दू पत्ती की प्रचयवार "शुद्ध एक मुश्त राशि" के आधार पर अग्रिम बिक्री हेतु ऑनलाईन ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें वेब पोर्टल www.jharkhandtenders. gov.in पर ऑनलाईन निम्न विवरण अनुसार प्राप्त की जायेंगी।

| निविदा चक्र (निविदा रिफरेन्स सं0) | समय | निविदा अभिलेख डाउनलोड एवं समर्पण की तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| चौबीसवाँ चक्र (KL/24/2025) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 29.03.2025 04.04.2025 | 07.04.2025 |
| पच्चीसवाँ चक्र (KL/25/2025) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 08.04.2025 12.04.2025 | 15.04.2025 |

क्रेता पंजीकरण पत्र, निविदा शुल्क, सत्यंकर राशि, निविदाकार का करारनामा, आयकर विभाग द्वारा निर्गत PAN की अभिप्रमाणित प्रति, पिछले तीन लेखा वर्षो के आयकर रिटर्न की अभिप्रमाणित प्रतियाँ, GST निबंधन संख्या के प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित प्रति, विगत् लेखा वर्ष के GST रिटर्न की प्रति तथा अपलोड किये गये अन्य दस्तावेज की एक–एक प्रति निविदादाता निविदा खुलने की तिथि के एक दिन पूर्व (11.00 बजे पूर्वाहन) तक प्रमण्डलीय प्रबन्धक के कार्यालय में जमा करेंगे। समस्त इच्छुक निविदाकारों को ऑनलाईन निविदा भरने हेतु Digital Signature Certificate प्राप्त करना अनिवार्य है।

विस्तृत जानकारी यथा निविदा प्रपत्र, लॉट सूची, निविदाकार का करारनामा, निविदा से संबंधित शर्तें एवं बंधेज आदि वेब साईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन निविदा समर्पित करने के पूर्व निविदा प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। अधिक जानकारी के लिये वन निगम के प्रमण्डलीय/अंचलीय कार्यालयों से तथा वन निगम मुख्यालय के निम्न पदाधिकारी/कर्मी से भी सम्पर्क कर सकते हैं :–

(1) उप निदेशक (विपणन), राँची, 8986653797
(2) उप निदेशक (मुख्यालय), राँची, 9431402051
(3) श्री प्रसून कुमार, FPI, राँची, 9153989366
(4) TOLL FREE NO. 18008891131

ह0/–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक,
झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, राँची।

PR 349158 Jharkhand State Forest Development Corp Ltd(24-25)D

### रोड रोलर के कुचलने से तीन युवकों की मौत

# मुख्यमंत्री ने चार लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** डंपर की टक्कर से तीनों की जान चली गयी। ढेंकानाल जिले कामाक्षानगर पुलिस स्टेशन रेकुला सतसंग केंद्र के सामने सड़क निर्माण के दौरान भीषण हादसा हुआ है। कामाक्षानगर लोक निर्माण मार्ग पर रेकुला सत्संग केंद्र के सामने सड़क का काम चल रहा था। इसी दौरान एक डंपर आया और तीनों को टक्कर मार दी। डंपर से टकराकर मजदूर पास खड़ी रोलर मशीन और बिजली के खंभे के बीच दब गये। यह देख स्थानीय लोगों ने तुरंत कामाक्षानगर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड पहुंची और गैस कटर से काटने के बाद दो मजदूरों के साथ निर्माण विभाग के कार्यालय का एक कर्मचारी को बचाया गया और



गंभीर हालत में पहले कामाक्षानगर हस्पताल और बाद में कटक बड़ा मेडिकल को में स्थानांतरित किया गया। वहीं दोनों मजदूरों की मौत हो गयी, दो मृतकों के साथ कामाख्यानगर के निर्माण विभाग के कार्यालय का एक कर्मचारी क्षीरोद साहू भी शामिल हैं। खिरोद साहू को गंभीर हालत में भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गयी। बाद में उत्यक्त लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर टायर जला कर सड़क जाम कर दिया। कामाक्षानगर उपजिलापाल दिनमणि नायक के साथ थाना अधिकारी आशीष कुमार जेना घटनास्थल पर पहुंचे और उत्यक्त लोगों से बातचीत की बाद मृतक खिरोद साहू के परिवार को तीन लाख रुपये के साथ-साथ रेड क्रॉस से 30 हजार रुपये और परिवार के एक सदस्य को विभाग में नौकरी देने का आश्वासन देने के बाद सड़क जाम हटाया गया। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कामाख्यानगर के रेकुला में सड़क दुर्घटना में तीन मजदूरों की मौत पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और चार लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

### नगर पालिका के अधिकारी के घर पर विजिलेंस का छापा

## 17 लाख रुपये और 150 ग्राम सोना जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विजिलेंस की नौ टीमें आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप में खोरदा जटनी नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी सूर्यमणि पाट्टयोशी के निजी आवास और रिश्तेदार के घर सहित विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी रखे हुए हैं। छापेमारी के दौरान बिस्तर के नीचे 17 लाख रुपये नकद मिले। इसके साथ ही डेढ़ सौ ग्राम सोने के आभूषण। गद्दे के नीचे सिर्फ पांच सौ रुपये के बीड़े रखे हुए थे। जटनी नगर निगम के कार्यकारी अधिकारी के घर पर एक बिजेलेंस छापे के दौरान 17 लाख रुपये की नकदी मिली। इसके साथ ही ब्रह्मपुर शहर के गोविंद नगर में उसके घर और अर्ध-निर्मित इमारत पर भी छापेमारी की जा रही है। इसी तरह लांजीपल्ली में रहने वाले सूर्यमणि शाला के घर पर भी विजिलेंस टीम ने छापेमारी की है। दूसरी ओर जटनी और भुवनेश्वर के आवासों पर भी तलाशी चल रही है। यह छापेमारी कटक विजिलेंस दल द्वारा की जा रही है। गंजाम जिले के सोरडा में रिश्तेदारों के घरों पर भी छापे मारे जा रहे हैं। दोपहर 12 बजे तक नकदी के साथ 150 ग्राम वजन के सोने के गहने जब्त किये गये हैं। आगे की जांच और तलाशी जारी है।

### अनूप बेहेरा की हत्या के मामले में चार को उम्रकैद

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भुवनेश्वर एडीजे कोर्ट ने बहुचर्चित हत्या मामले में चार हत्यारों को उम्रकैद सजा सुनायी है। दो मार्च 2017 को हुए जटनी इलाके में अनूप बेहेरा की हत्या के मामले में मंगलवार को फैसला सुनाया गया है। एडीजे कोर्ट द्वारा जारी फैसले में आरोपी हालू बेहेरा, मृणाल बेहेरा, गोपीनाथ बेहेरा और नालू बेहेरा को उम्रकैद की सजा सुनायी गयी है।**

# एसयूएम के बाल रोग विशेषज्ञों ने जटिल हृदय रोगवाले नवजात शिशु को बचाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड एसयूएम हॉस्पिटल, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के बाल रोग विशेषज्ञों ने ग्रासनली एट्रेसिया से पीड़ित कम वजन वाले नवजात शिशु को सफलतापूर्वक ठीक किया है। 27 वर्षीय मां, जिसका आरएच नेगेटिव गर्भावस्था और पहले गर्भपात का इतिहास था, से पैदा हुए बच्चे का जन्म के समय वजन 2.1 किलोग्राम था। नवजात शिशु ग्रासनली एट्रेसिया से पीड़ित था, जिसका पता जन्मपूर्व अवधि के दौरान नहीं चला था और सांस लेने में कठिनाई होने के बाद उसे एनआइसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया था, नियोनेटोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ देबाशीष नंदा ने कहा कि यह घाव ट्रेकिआ एसोफैगल फिस्टुला का सबसे कम सामान्य प्रकार है। टीम में डॉ नंदा, डॉ भाबग्राही मलिक, डॉ रतन कुमार दास, डॉ विजय कुमार, डॉ देबी प्रसाद साहू, डॉ बिनीत पाणिग्रही, डॉ. पायल प्रधान, डॉ भाग्यश्री महापात्र, डॉ कल्पिता साहू, डॉ सुरेश त्रिपाठी और डॉ सितिकांत नायक शामिल थे। बाल चिकित्सा सर्जरी टीम का नेतृत्व डॉ अंतयार्मी प्रधान और डॉ सुभाष चंद्र सुबुद्धि ने किया। चूंकि बच्चे को हृदय संबंधी समस्याएं थीं, इसलिए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अनुस्पंदना महापात्र ने नियमित रूप से रोगी की स्थिति की निगरानी की। टीम को आईएमएस और एसयूएम हॉस्पिटल की डीन प्रोफेसर डॉ संघमित्रा मिश्रा और अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ पुष्पराज सामंतसिंहर से आवश्यक सहायता मिली, डा नंदा ने कहा।

### अव्यवस्थित आचरण के लिए कांग्रेस के 12 विधायक को 7 दिन के लिए निलंबित



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के 12 विधायकों को 7 दिनों के लिए निलंबित। विधानसभा में उच्छृंखल आचरण के लिए कार्रवाई। कांग्रेस सदस्य रामचंद्र काड़ाम, राजन एक्का, दासरथी गमांग, अशोक दास, सत्यजीत गमांग, सागर दास, काड्राका आपल स्वामी, प्रफुल्ल प्रधान, पबित्र साऊंता, सोफिया फिर्दोस, मंगू खिल और नीलमाधब हिकाका को स्पीकर का अपमान करने, विधानसभा में अभद्र व्यवहार करने और विधानसभा के नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में निलंबित किया गया है।









### गांजा तस्करी में आइआरबी के तीन जवान गिरफ्तार




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** गांजा तस्करी के आरोप में आइआरबी के तीन जवान गिरफ्तार। ऐसी ही एक घटना बौध जिले के मनमुंडा थाने में देखने को मिली है। मनमुंडा पुलिस बैरक से पुलिस ने 15 किलो गांजा जब्त किया। एसपी की जांच के दौरान जवान से गांजा जब्त किया गया था। बौध के एसपी राहुल गोएल ने बताया कि घटना के सिलसिले में तीन आइआरबी जवानों को गिरफ्तार किया गया है।
























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**